

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार, 09 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-219 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### व्यापारी से 75 लाख की ठगी

**रायपुर 9 नवंबर।** राजधानी के एक को एक साल पहले हैदराबाद भेजे गए माल का भुगतान नहीं मिला. कारोबारी को पता चला कि जिन कंपनियों को उसने माल भेजा था, वहां से उनके एक कारोबारी संपर्क रखने वाले ने फर्जी बिल बनाकर खुद ही रकम वसूल कर ली है. अधिवक्ता के जरिये नोटिस भेजे जाने के बाद संबंधित कंपनियों ने एजेंट को भुगतान कर देने की जानकारी सबूतों के साथ दी. इसके बाद कारोबारी पुलिस के पास पहुंचा. पुलिस ने सिविललाइंस इलाके में महामाया फूड्स एंड ग्रेंस प्राइवेट नामक फर्म चलाने वाले शुभम गोयल की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी के आरोप में जुगल किशोर तोसनीवाल एवं कोमल तोसनीवाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. ये भुगतान आटा-मैदा का था और ये दोनों भी आटा-मैदा के कारोबारी बताए गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक महामाया ग्रेस का अम्बिकापुर में गोदाम है. कारोबारी ने पूर्व परिचित जुगल किशोर के कहने पर कारोबारी संबंध होने के कारण हैदराबाद की फर्मों को करीब 75 लाख रुपए का माल भेजा. बाद में पता चला कि जुगल किशोर द्वारा फर्जी बिल बनाकर पैसा वसूल कर गबन कर लिया गया है. हैदराबाद के कारोबारियों से इस बात की जानकारी मिलने पर पुलिस से शिकायत की गई. आरोप है कि जुगल किशोर तोसनीवाल व उसकी पत्नी कोमल तोसनीवाल द्वारा साजिश करके विभिन्न कम्पनियों के नाम पर आर्डर देकर आटा एवं मैदा मंगाया गया. महामाया फूड्स के नाम पर फर्जी बिल बनाकर कम्पनियों से पैसा वसूल किया गया।

### स्कॉर्पियो पलटी, एसआई की मौत, 4 गंभीर

**जीपीएम 9 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में अनुपपुर मार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. यह हादसा मेडुका गांव में हुआ, जिसमें स्कॉर्पियो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शरीर को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार लोग कानपुर, उत्तर प्रदेश से कोरबा वापस लौट रहे थे. इसी दौरान सुबह करीब 6 बजे अनुपपुर-वेंकटनगर से गौरेला की जाते हुए स्कॉर्पियो गाड़ी के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया. कुत्ता सामने आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और 3-4 बार पलटते हुए सड़क के किनारे जा गिरी. इस हादसे में थाना पाली के उप निरीक्षक विलायत हुसैन (56 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि अन्य 4 सवार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में आरक्षक नारायण कश्यप, आरक्षक शैलेंद्र कंवर, गाड़ी चालक करमु और सहायक गोपी कुमार शामिल हैं.

### पलारी थाना में भाजपा नेताओं व पुलिस में झड़प

**बलौदाबाजार 9 नवंबर।** जिले के पलारी थाना के अंदर देर रात भाजपा जनप्रतिनिधियों की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प हो गई. मामले की जानकारी मिलने पर रात में ही पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी समेत दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया. जानकारी के अनुसार, बलौदाबाजार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यक्रम के बाद भाजपाइयों ने पलारी थाने के सामने दारू पार्टी शुरू कर दी. पार्टी के दौरान गाड़ी में तेज साउंड में गाना बजाने और पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा के साथियों के साथ शराब पीकर नाचने को लेकर पुलिस से विवाद हुआ. मामला बढ़ते हुए भाजपा जनप्रतिनिधियों और पुलिसकर्मियों के बीच झूमाझटकी तक पहुंच गया. घटना की वजह से पुलिस थाना छावनी बन गया. मामले की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थानेदार केशर पराग बंजारा के साथ आरक्षक राम मोहन राय और मनीष बंजारे को सस्पेंड कर दिया।

# झूठ बोलना बंद करो, कश्मीर कभी नहीं मिलेगा

## यूएन के मंच से सुधांशु त्रिवेदी ने पाकिस्तान को लताड़ा

**■ नई दिल्ली 9 नवंबर**



संयुक्त राष्ट्र में शांति रक्षा अभियानों पर बहस के दौरान पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर का जिक्र किए जाने पर भारत ने पड़ोसी देश पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की। राज्यसभा सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, ''भारत ने पाकिस्तान द्वारा की गई टिप्पणियों पर जवाब देने के अपने अधिकार को चुना है, जिसने एक बार फिर इस प्रतिष्ठित निकाय को अपने एजेंडे से भटकाने का प्रयास किया है।''उन्होंने शुक्रवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा की विशेष राजनीतिक एवं वि-उपनिवेशीकरण (चौथी समिति) में शांति रक्षा अभियानों पर चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर ''भारत का अभिन्न अंग था, है, और हमेशा रहेगा।''

उन्होंने कहा, ''जम्मू कश्मीर के लोगों ने हाल में अपने लोकतांत्रिक और चुनाव अधिकारों का इस्तेमाल किया तथा एक नई सरकार चुनी। पाकिस्तान को ऐसी बयानबाजी और झूठ से बाज आना चाहिए क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदलेंगे।'' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के इस मंच के प्रतिष्ठित सदस्यों के सम्मान में भारत संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं का दुरुपयोग करने के पाकिस्तान के किसी भी प्रयास का जवाब देने से परहेज करेगा।

उन्होंने भारत की ओर से यह कड़ी प्रतिक्रिया तब दी है जब पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम पर नजर रखने वाले भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) के बारे में बात की। भारत का कहना है कि शिमला समझौते और उसके परिणामस्वरूप नियंत्रण रेखा की स्थापना के बाद यूएनएमओजीआईपी की उपयोगिता समाप्त हो गई है और यह अप्रासंगिक है।

सुंधांशु त्रिवेदी ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शांति रक्षा अभियानों पर संयुक्त राष्ट्र में चर्चा के दौरान पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा विषय पर बोलते हुए ''विषय को भटकाने की कोशिश की और अनावश्यक रूप से उल्लेख किया कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के साथ पाकिस्तान की भागीदारी तब शुरू हुई जब संयुक्त राष्ट्र ने 1948 में जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में शांति सैनिकों को तैनात किया था।''

उन्होंने कहा कि ''इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए'' उन्होंने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया और ''मंच पर दृढ़तापूर्वक कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है, और हमेशा रहेगा।'' भाजपा नेता ने कहा, ''जम्मू कश्मीर में हाल में उचित तरीके से लोकतांत्रिक चुनाव हुआ। इसलिए संयुक्त राष्ट्र के इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल इन प्रकार के भ्रामक शब्दों का उल्लेख करने में नहीं किया जा सकता।'' उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार की ''ठोस विदेश नीतियों के कारण संभव'' हो सका है।

इससे पहले, शांति रक्षा अभियानों की व्यापक समीक्षा पर एक बयान देते हुए त्रिवेदी ने कहा कि हालिया संघर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण हैं और अब इसमें आतंकवाद तथा सशस्त्र समूह भी शामिल हैं जो अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए स्थिति का फायदा उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों में सबसे बड़े सैन्य दल के के रूप में शांतिरक्षा प्रयासों में योगदान देने के प्रयास में सबसे आगे है।''

# पांचवीं और आठवीं कक्षा में होगी बोर्ड परीक्षा, तैयारी शुरू

**■ छत्तीसगढ़ में स्कूली शिक्षा गुणवत्ता सुधारने का प्रयास**

**■ रायपुर 9 नवंबर**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत, प्रदेश में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से पांचवीं और आठवीं कक्षाओं के लिए फिर से बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस नई व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इन कक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षा किस सत्र से लागू होगी। दरअसल, केंद्र सरकार ने देशभर में, जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है, पहली और आठवीं कक्षा के बच्चों को फेल और पास करने की नीति को समाप्त कर दिया था। 2010 से राज्य में लागू आरटीई (राइट टू एजुकेशन) के तहत पहली और आठवीं तक के बच्चों को हमेशा पास किया जाता रहा है।

इसके परिणामस्वरूप, शिक्षा में अनुशासन की कमी आ गई, जिससे कई बच्चों की शिक्षा पर नकारात्मक असर पड़ा। हालांकि कुछ निजी और मॉडल स्कूलों में कमजोर बच्चों के लिए रेमेडियल टीचिंग (कमजोर बच्चों को अतिरिक्त सहायता देने की प्रक्रिया) लागू की गई है, लेकिन अधिकांश सरकारी स्कूलों में यह व्यवस्था प्रभावी नहीं हो पाई।

इधर विशेषज्ञों का मानना है कि इस व्यवस्था से स्कूली शिक्षा में अनुशासित शिक्षा नहीं होने से इसका विपरीप असर पड़ा है। कुछ निजी और माडल स्कूलों में रेमेडियल टीचिंग (कमजोर बच्चों का शिक्षण) होने से शिक्षा व्यवस्था ठीक है। लेकिन ज्यादातर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नुकसान हुआ है। हालांकि परीक्षा लेने के बाद बच्चों को पास या फेल करने को लेकर अभी निर्णय नहीं लिया गया है।

प्रदेश में एक अप्रैल 2010 से आरटीई लागू है और तब से अब तक पहली से आठवीं तक के बच्चों को निरंतर पास ही किया जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता की मानिटरिंग नहीं हो पा रही है। इसलिए नई व्यवस्था लागू करने का विचार किया जा रहा है। दरअसल केंद्र सरकार ने आठवीं तक फेल नहीं करने की नीति में बदलाव करके फेल और पास करने का अधिकार राज्य सरकारों को दे दिया है।

# शालीमार जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के तीन कोच पटरी से उतरे

**हावड़ा, 9 नवंबर ।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा में एक ट्रेन दुर्घटना हुई है। यहां पर सिकंदराबाद से शालीमार की ओर जा रही एक 22850 सिकंदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन के कुछ कोच डिरेल हो गए। पूरी घटना पश्चिम बंगाल के हावड़ा के नवलपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई है। यहां पर सिकंदराबाद से शालीमार की ओर जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डिब्बे डिरेल हो गए। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

हादसे के बारे में जानकारी देते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ओमप्रकाश चरण ने फोन पर बताया कि सिकंदराबाद से शालीमार आ रही ट्रेन नवलपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक डिरेल हुई है। इसमें तीन कोच है, लेकिन इस घटना में किसी की हताहत होने की अभी तक कोई जानकारी नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पूरी घटना शनिवार सुबह पौने छह बजे के करीब की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल था, हालांकि यात्रियों के मुताबिक ट्रेन की गति सामान्य से कम होने के कारण ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। बस अचानक तेज झटका लगा और ऊपर रखे सामान नीचे गिर गए।

# धान खरीदी:भगत ने सरकार पर बिचौलियों-कालाबाजारी को बढ़ावा देने का लगाया आरोप

**■ रायपुर 9 नवंबर**



प्रदेश में धान खरीदी शुरू होने से हर बार की तरह इस बार भी सियासत तेज है. पूर्व मंत्री अमरजीत भगत 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने पर भाजपा सरकार को जहां कटघरे में खड़ा किया है, तो वहीं दूसरी ओर साय सरकार में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि साय सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी.

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने मीडिया से चर्चा में कहा कि एक ओर धान खरीदी के लिए हमने टारगेट बढ़ाया था, तो दूसरी ओर किसानों के लिए सुविधाएं भी बढ़ाई थी. यही नहीं धान खरीदी केंद्रों के साथ-साथ समय में भी बढ़ोतरी की थी. 14 नवंबर को खरीदी शुरू करने से धान की कालाबाजारी तो होगी, इसके साथ बिचौलियों को भी फायदा होगा.

वहीं रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर अमरजीत भगत ने कहा कि 3 दिनों का समय शेष है, इस दौरान सघन चुनाव प्रचार होगा. सीट पर कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल समेत हम सभी प्रचार करेंगे. उन्होंने कहा कि दक्षिण में बृजमोहन से बड़ा नेता कौन है? कितनी बार से जीत रहे हैं, अकेले काफी है. दूसरा पक्ष यह है कि सब लोगों ने बृजमोहन को छोड़ दिया है.

धान खरीदी पर अमरजीत भगत के सवालों का जबाव देते हुए कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार 110 लाख मीट्रिक टन से ऊपर धान नहीं खरीद पाई थी. हमारी सरकार आने के बाद 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है. उनके डेढ़ गुना से थोड़ा कम हम खरीदे. अमरजीत भगत क्या बात करेंगे, उनके समय में किसानों का शोषण और कालाबाजारी होती थी, किसानों को दर-दर की ठोकर खानी पड़ती थी. उन्हें 2 सालों का पिछला बोनस नहीं दिया. कांग्रेस को किसानों के बारे में बोलने का कोई हक नहीं है.

रायपुर दक्षिण उपचुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के प्रचार करने पर कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि ये सभी पहले भी प्रचार कर चुके हैं. विधानसभा और लोकसभा में नतीजा क्या हुआ ये सभी में देखा है. भाजपा की जीत निश्चित है. चुनाव में एक वातावरण बनता है. लेकिन वोटर जानते हैं कि किसे वोट देना है.

# कोई व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से योगी होता है: अखिलेश

**कानपुर 9 नवंबर।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। सपा नेता ने कहा कि संत समाज के बीच झगड़े करवाए जा रहे हैं। जो खुद से बड़ा किसी और को नहीं मानते, वो कैसे योगी हैं? मुख्यमंत्री का बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि जो जितना बड़ा संत होता है वो उतना ही कम बोलता है और बोलता भी है तो जनकल्याण के लिए इसलिए उसके वचन प्रवचन कहलाते हैं।

सपा प्रमुख ने आगे कहा कि कोई व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से योगी होता है। जिनका काम सरकार चलाना है वो बुलडोजर चला रहे हैं और विकास का प्रतीक विनाश का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार पर 25 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी भाजपा का सबसे बड़ा घोटाला है। उन्होंने दावा किया कि एनकाउंटर वाली सरकार का काउंटडाउन शुरू हो गया है. इसकी शुरुआत उपचुनाव से हो जाएगी।

इससे पहले योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा तंज करते हुए कहा कि जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई। योगी ने विपक्षी दलों के समूह इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। अपने संबोधन में योगी ने कहा, 2012-17 अखिलेश यादव के नेतत्व की सपा सरकार के बीच नारा चलता था, जिस गाड़ी पर सपा का झंडा-समझो बैठा है कोई गुंडा। हाल के महीनों में अयोध्या और कन्नौज में दुष्कर्म के मामलों में सपा से संबंधित आरोपियों की ओर इशारा करते हुए योगी ने तंज किया कि आज (यह कहावत चरितार्थ है) जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई। अयोध्या, कन्नौज में सबने इनके कारनामे को देखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह सपा का नया ब्रांड है। इन्हें लोकलाज की चिंता नहीं है, अगर इन्हें लातों से ठीक नहीं करेंगे तो यह ठीक कैसे होंगे। उन्होंने कहा, मान्यता रही है कि गांव की बहन-बेटी सबकी बहन-बेटी। हम सब इसे मानने वाले लोग हैं, लेकिन सपा ने इस ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया है। सपा मीडिया सेल के सोशल मीडिया हैंडल पर इनके वास्तविक संस्कार दिखते हैं, जहां यह घटिया स्तर की बातें करते हैं। योगी ने कहा, इस महीने के अंत तक 60,200 पुलिसकर्मियों की भर्ती के परिणाम आने वाले हैं। पहले शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर आदि जनपदों के नौजवान उपेक्षित होते थे, अब वे बिना किसी भेदभाव सरकारी नौकरियों में भर्ती होते हैं।

### सीएम हेमंत सोरेन के पीएस सुनील श्रीवास्तव समेत कई के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**रांची 9 नवंबर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच हेमंत सोरेन को बड़ा झटका लगा है. आयकर विभाग ने रांची और जमशेदपुर समेत 9 स्थानों पर छापेमारी की है, जिसमें मुख्यमंत्री के करीबी सुनील श्रीवास्तव भी शामिल हैं. 14 अक्टूबर को जल जीवन मिशन में हुए घोटाले को लेकर श्ष्ठ की टीम ने रेड की थी, जिसमें हेमंत कैबिनेट मंत्री मिथलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, निजी सचिव हरेंद्र सिंह और कई इंजीनियरों के ठिकानों पर छापेमारी की गई, सुनील मुख्यमंत्री सोरेन के निजी सलाहकार हैं. अब तक ईडी को क्या मिला है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है. इससे पहले, 14 अक्टूबर को प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सरकार के कैबिनेट मंत्री के भाई विनय ठाकुर और सोरेन सरकार के कैबिनेट मंत्री मिथलेश ठाकुर के निजी सचिव हरेंद्र सिंह सहित विभाग के कई इंजीनियरों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

# केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने तकनीकी प्रदर्शनी का किया अवलोकन



**रायपुर 9 नवंबर।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें अधिवेशन के तहत आयोजित तकनीकी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी का भ्रमण कर सड़क निर्माण, सड़क सुरक्षा, निर्माण सामग्री और सड़कों के रखरखाव से जुड़ी मशीनरी व उपकरणों की निर्माता तथा आपूर्तिकर्ता कंपनियों के प्रतिनिधियों से इनकी जानकारी ली। विभिन्न कंपनियों द्वारा यहां लगाए गए स्टॉल्स पर सड़क निर्माण से संबंधित तकनीकी मटेरियल्स, डिजाइन, टेक्नोलॉजी इत्यादि का प्रदर्शन आगामी चार दिनों तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री श्री अजय टम्टा और उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने भी श्री गडकरी के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## 2036 के ओलंपिक के लिए भारत ने पेश की विधिवत दावेदारी

jasclaudius@gmail.com

# एक लाख करोड़ रुपये इकट्ठा करने की बनानी होगी रणनीति

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

बहुखल स्पर्धा में आधुनिक ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेलों के आयोजन की बात आती है तो स्पष्ट है कि उसके लिए सबसे बड़ी बाधा पैसों की उपलब्धता होती है। अभी हाल ही में 23वें राष्ट्रमंडल खेलों को 2026 में आयोजित करने के वचन से मुकरने वाले आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य ने आर्थिक तंगी का तर्क रखते हुए अप्रैल 2022 में आयोजन से इंकार कर दिया। वस्तुतः ऐसा होना नहीं चाहिए था परंतु बिना चिंतन मनन के सिर्फ प्रतिष्ठा के लिए ऐसे आयोजन को विक्टोरिया राज्य ने अपने यहां कराने की स्वीकृति दी फिर पीछे हट गए। यह आधुनिक खेल जगत में बहु खेल प्रतियोगिता के आयोजन की मंशा रखने वाले देशों, राज्यों, निकायों के लिए सबक है। जब कभी ऐसे बहु खेल स्पर्धा के लिए प्रस्ताव किया जाता है तो आयोजन समिति सभी पक्षों पर गंभीरता से विचार करके निर्णय लेती है। 16 फरवरी 2022 को विक्टोरिया राज्य के प्रशासकों द्वारा 2026 में इन खेलों के आयोजन की स्वीकृति दे दी। परंतु 18 जुलाई 2023 को 23वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन विक्टोरिया में कराने से इंकार कर दिया। इसके पीछे बढ़ते हुए खर्च को प्रमुख कारण बताया गया। बिना सोचे-विचारे पहले आयोजन की सहमति फिर आर्थिक तंगी का उल्लेख करते हुए विक्टोरिया राज्य ने अपने कदम पीछे खींच लिए। इससे विक्टोरिया राज्य के आयोजनकर्ता तो धन की कमी से बच गये परंतु तैयारी के लिए समय अभाव का बहाना बनाकर नये आयोजनकर्ता ग्लास्गो ने सिर्फ 10 खेलों में इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में अपनी असहमति देकर एक और विववाद खड़ा कर दिया। विश्व खेल जगत के लिए यह बेहद दुखद घटना है क्योंकि 10 खेलों को छोड़कर अन्य लगभग 9-10 खेलों की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के साथ स्पष्ट नाइंसाफी है। ये खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के परीक्षण के लिए तीन-चार वर्ष अभ्यास के दौरान पसीना बहाते हैं परंतु प्रतियोगिता से बाहर होने पर उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। राष्ट्रमंडल खेल जिसमें करीब 74 देशों के लगभग 8 हजार खिलाड़ी, प्रशिक्षक, सहायक आदि 19 खेलों में शामिल होते हैं जिसका अनुमानित खर्च लगभग 45 हजार करोड़ रुपये होने का था। अब जबकि भारत ने भी 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय ओलंपिक संघ नई दिल्ली के माध्यम से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है तो हमें उम्मीद है कि सबसे पहले 36वें आधुनिक ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए धन की आवश्यकता और संचय के लिए कोई न कोई उपाय तैयार किया होगा। ओलंपिक खेलों के आयोजन को लेकर जो अध्ययन किया गया है उससे स्पष्ट है कि पेरिस 2024 में लगभग 76 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रत्येक ओलंपिक खेलों के आयोजन में लगभग 20 प्रतिशत खर्च राशि की बढ़ोतरी होती है अतः 2008, 2032 के बाद तीसरे ओलंपिक खेलों का आयोजन भारत में 2036 में होगा अतः भारत में आयोजन के लिए कम से कम एक लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता का अनुमान है। अब हमारे पास करीब 10 वर्ष का समय बाकी है तो आर्थिक जरूरतों को पूरा करने हेतु एक रणनी बनाये जाने की आवश्यकता है ताकि एक लाख करोड़ की धनराशि हम खर्च करने की स्थिति में रह सके। माना जा रहा है कि भारत का अहमदाबाद शहर ओलंपिक खेलों के आयोजन की दौड़ में सबसे आगे है। अब ऐसे बहुखेल स्पर्धाओं के आयोजन में पर्यावरण की सुरक्षा को भी जोड़कर देखा जा रहा है तथा सीमेंट से निर्मित खेल भवन, खेल परिसर आदि से बचने के उपाय खोजे जा रहे हैं। अतः 2036 में अगर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद ने भारत के पक्ष को मान लिया तो अभी से पूरी सतर्कता एवं गंभीरता के साथ एक लाख करोड़ की धनराशि को इकट्ठा करने के लिए प्रयास करना होगा या कम से कम खर्च करके आयोजन करने की रणनीति बनानी होगी क्योंकि हमें अपने देश की आन बान शान बचाने के लिए आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य की नौबत नहीं आने देना होगा।

# पाकिस्तान: रेलवे स्टेशन में बम विस्फोट, 20 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद 9 नवंबर।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए विस्फोट में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज़्यादा लोग घायल हो गए. पाकिस्तान के डॉन न्यूज़ की रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट के समय एक ट्रेन प्लेटफ़ॉर्म से पेशावर के लिए रवाना होने के लिए तैयार थी.

क्वेटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऑपरेशन मोहम्मद बलूच ने कहा कि यह घटना ÷आत्मघाती विस्फोट लगती है÷ लेकिन निश्चित रूप से कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी, उन्होंने कहा कि विस्फोट की प्रकृति का पता लगाने के लिए जांच चल रही है. घटनास्थल पर ÷करीब 100 लोग÷ मौजूद थे.

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोहम्मद बलूच ने कहा कि बम विस्फोट उस समय हुआ जब यात्री अशांत बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा से रावलपिंडी के गैरीसन शहर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे.

वहीं बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने एक बयान में कहा कि पुलिस और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं. विस्फोट की प्रकृति की जांच की जा रही है क्योंकि बम निरोधक दस्ता घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर रहा है और घटना पर रिपोर्ट मांगी गई है.

शाहिद रिंद ने कहा कि हमले में मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है क्योंकि घायल यात्रियों में से कुछ की हालत गंभीर बताई गई है. अस्पतालों में 'आपातकाल' लगा दिया गया है. घायलों को चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है.

# 35 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर अमित जोश का एनकाउंटर, अपराधियों में दहशत, कई भूमिगत

**भिलाई, 9 नवंबर।** ट्विनसिटी का कुख्यात अपराधी सेक्टर- 6 निवासी अमित जोश उर्फ मोरिस 32 वर्ष पुलिस एनकाउंटर में ढेर हो गया है। घटना शुक्रवार को देर शाम की है। अपराधी अमित गोलीकांड करने के बाद से फरार था। एसीसीयू की टीम को जैसे ही अमित जोश भिलाई पहुंचने की जानकारी मिली पुलिस की टीम उसे पकड़ने पहुंची। अमित सेक्टर-6 स्थित जयंती स्टेडियम के समीप अपने दोस्तों के साथ पहुंचा था। उसे पकड़ने पुलिस पहुंची तो पुलिस वालों पर अमित जोश ने फायरिंग करना शुरु कर दिया जिसमें पुलिस की स्कॉर्पियो सीजी 4 4 पीवी 6178 में जोरदार गोली चला दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग में अपराधी अमित जोश ढेर हो गया। पूरा मामला भिलाई के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जहां शुक्रवार को भिलाई का निगरानी गुंडा बदमाश अमित जोश मारा गया। खबर लगते ही कई बड़े अपराधी भूमिगत हो गए हैं। अपराधी अमित जोश के खिलाफ ट्विनसिटी के विभिन्न थानों में 36 से अधिक अपराध दर्ज है। अमित जोश से कई लोग परेशान थे। इसके डर से कई थानों तक नहीं पहुंचते थे। अपनी दबंगई के चलते करीब दो दर्जन से अधिक बीएसपी आवासों को कब्जा कर किराए पर चलाया करता था। भिलाई नगर थाना क्षेत्र के ग्लोब चौक सेक्टर - 6 में तीन माह पूर्व बाइक सवार दो युवकों पर मामूली विवाद को लेकर अमित जोश गोली चलाकर फरार हो गया था। उसके बाद से पुलिस इस 35 हजार रुपए इनाम भी रखा था लेकिन इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही थी।19 साल पहले जिले का हिस्ट्रीशीटर तपन सरकार के गुर्गा गोविंद विश्वकर्मा का पहला एनकाउंटर वर्ष 2005 में तालपुरी एमडी बंगला के समीप पुलिस के साथ मुठभेड़ हुआ था। इस दौरान पुलिस ने जवाबी फायरिंग में गोविंद को गोली लग गई और मौत के नींद सो गया था। इसके अलावा जामुल थाना क्षेत्र में नक्सली दंपत्ति का एनकाउंटर हुआ था। जिसमें दोनों की मौके पर मौत हो गई थी। इस तरह अमित जोश एनकाउंटर का दुर्ग जिले का तीसरा मामला है। अमित जोश के एनकाउंटर होने के बाद जिले के बड़े-बड़े हिस्ट्रीशीटर अब दूसरे जिलों में पनाह लेने की तैयार में जुट गए हैं। कुख्यात अपराधी अमित जोश का पिता आरची भी अपराधी किस्म का था उसकी पहले मौत हो चुकी है।





अपराधी अमित जोश मामले में एसीसीयू के क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक, प्रभारी तपेश्वर नेताम की जोड़ी और उनकी टीम ने जिले में अपराध मुक्त करने करने का जो बीड़ा उठाया है जो तारीफे काबिल है। इस तरह के अफसर हर जिले में होने से अपराध मुख्त हो जाएगा। अमित जैसे खुंखार अपराधी गोलीकांड करने के बाद से फरार चल रहा था। टीम ने काफी प्रयास किया कि अमित जोश पुलिस गिरफ्त में आए लेकिन उसने दनादन पुलिस पर गोली चलाना शुरु कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग में अमित ढेर हो गया। उसके साथ बाइक में आया एक युवक फरार हो गया है। पुलिस की तलाश में है लगातार बढ़ रहे अपराध को ध्यान में रखते हुए पुलिस की यह सख्ती शहर में चर्चा का विषय है। जानकारी के मुताबिक जयंती स्टेडियम के पीछे दो पुलिसकर्मियों ने अमित जोश की जानकारी लगने पर घेर कर रख लिया था। लेकिन अमित ने दो पुलिसकर्मियों पर फायरिंग करना शुरु कर दिया। खबर लगने पर एसीसीयू की टीम डीएसपी हेमप्रकाश नायक, टीआई तपेश्वर नेताम और भिलाई नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा पहुंचे थे। अमित जोश की ओर से लगातार फायरिंग हो रहा था। पुलिस ने अपने बचाव में ताबड़तोड़ फायरिंग किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से कुख्यात अपराधी अमित जोश की मौके पर ही मौत हो गई। कुख्यात अपराधी अमित जोश का एनकाउंटर कर दुर्ग पुलिस ने जिले के बड़े अपराधियों को संदेश देने का प्रयास किया है। जिले में रहना हो तो शांति के साथ रहे अपराधियों के लिए यहां कोई जगह नहीं है। जिले में बढ़ते अपराध को रोकने और हिस्ट्रीशीटरों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। अमित जोश एनकाउंटर के बाद बड़े अपराधी भी सहम गए है। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि कुख्यात अपराधी था उसके खिलाफ 35 से अधिक मामले थानों में दर्ज है किसी के साथ भी बिना कारण के मारपीट करता था। आदतन बदमाश और लोगों की जान लेना उसके लिए छोटी बात थी एनकाउंटर में सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के तहत अपराध दर्ज किया जाएगा अपराधी द्वारा करीब 7-8 चार फायरिंग किया जवाब में पुलिस के तरफ से भी उतनी ही फायरिंग की गई है।

## एक नजर

### दो अपचारी बालक गिरफ्तार

**भिलाई, 9 नवंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के कैलाश नगर मानसरोवर शिव मंदिर और हाउसिंग बोर्ड के दो घरों में चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया है तीनों चोरियों में तीन अपचारी बालक शामिल थे जिनमें से एक आरोपित फरार है और उसकी पतासाजी की जा रही है वहीं गिरफ्तार किए गए दोनों अपचारी बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है पुलिस ने बताया कि दो नवंबर की रात को कैलाश नगर मानसरोवर शिव मंदिर की दानपेटी से करीब छह हजार रुपये चोरी हुए थे वहीं सोनी आटा चक्की के पास हाउसिंग बोर्ड के सूने घर से चांदी के सिक्के, चांदी का छल्ला, कमरबंद, 12 हजार रुपये नकद और एक बाइक चोरी हुई थी इन दोनों घटनाओं के दो दिन पहले शनि मंदिर के पास हाउसिंग बोर्ड के पास से एक स्कूटी चोरी हुई थी ।

### नशेड़ी युवक ने अपने पिता को मौत के घाट उतारा



**भिलाई, 9 नवंबर।** भिलाई एक आदतन नशेड़ी युवक ने अपने ही बीएसपी से सेवानिवृत्त बुजुर्ग पिता को फावड़े से हमला कर मौत की नींद सुला दी। युवक ने हमला तब किया, जब उसका पिता बिस्तर पर सो रहा था। मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र के बालाजी नगर का है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंद राठौर ने बताया कि बालाजी नगर में रहने वाले श्याम नारायण सिंह ( 65 वर्ष ) की घर में रात को सोते समय हत्या हो गई। हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक के चार पुत्रों में से तिसरे पुत्र करण नारायण सिंह ( 33 वर्ष ) को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना रात में ही मृतक के बड़े पुत्र वीर बहादुर सिंह ने खुर्सीपार थाना आकर दी। जिसके बाद मौके से भाग निकले आरोपी की तलाश कर पुलिस ने उसे धरदबोचा। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी करण नारायण सिंह के आदतन नशेड़ी होने का पता चला है। इसी बात पर रात में पिता और पुत्र के बीच कहासुनी हुई थी। माना जा रहा है कि पिता की डांट फटकार से आक्रोशित होकर करण नारायण सिंह ने हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया है। मृतक के सिर व शरीर के कई हिस्से में जख्म के निशान होने से आरोपी द्वारा फावड़े से एक से अधिक वार करना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपी से हत्या की वास्तविकता जानने पूछताछ कर रही है।

### आयुक्त अग्रवाल ने शहर में चल रहे राजस्व वसूली का जायजा लिया



**दुर्ग, 9 नवंबर।** नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व बेसूली में तेजी लाने सहायक राजस्व निरीक्षकों का वार्ड में निरन्तर टैक्स वसूली के निर्देश दिए।वार्डों में राजस्व वसूली में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया गया है।साथ ही आयुक्त ने आज आकस्मिक रूप से शहर के वाडों में चल रहे राजस्व वसूली का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा कर वसूली का जायजा लिया !निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ वार्ड 56 स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप पहुचे।उन्होंने लक्ष्मी पेट्रोल पंप से वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक राशि रुपए 181000/- टैक्स स्वंय लिया।आयुक्त सुमित अग्रवाल के द्वारा राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली को लेकर लगातार समीक्षा कर वसूली में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है। जिसके तहत आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज अचानक शहर में चल रहे राजस्व वसूली का आकस्मिक रूप से जायजा लेकर संबंधित कर्मचारी एवं वार्ड के लोगों से समेकित एवं संपत्तिकर के संबंध में चर्चा किया।आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया गया ।

## छठ पर्व सिखाता है जो अस्त होता है उसका उदय तय है:रेखराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,9 अक्टूबर।** छठ महापर्व के अंतिम दिन सार्वजनिक छठ पूजा समिति नंदिनी रोड जामुल में जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने सूर्य उपासना के साथ व्रतियों को शुभकामनाएं देते हुए पूरे देशवासियों के लिए बधाई दिया और कहा कि आस्था और श्रद्धा का छठ पर्व विश्वास का पर्व है। बंछोर ने बताया कि जामुल नगर में छठ पर्व बहुत ही धूमधाम से नगर वासियों द्वारा मनाया जाता है जिसमे नगर के सभी वर्गों के श्रद्धालुओं की आस्था हमेशा की तरह रहती है। इस आस्था के पर्व में रेखराम बंछोर के साथ जामुल भाजपा महामंत्री बंटी गुप्ता, जिला मंत्री ओबीसी मेघनाथ साहू, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, वार्ड 4 के पार्षद सरोजनी चंद्राकर, वार्ड 14 के पार्षद रामदुलार साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हेमंत देवांगन, हरीश वर्मा, लल्लन सिंह, सविता, आरती, सावित्री, पुष्प, इंदु, संगीता, ज्योति प्रसाद, सीखा, कामेश्वर प्रसाद, राजेश प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद, जवाहर लाल, ओमप्रकाश मौर्य, राजन, साजन, रवि, गौरव, गोल्डी, अर्पित, आदित्य, अनिल राय, बबलू, मुस्कान, शिखा, मुन्ना, विजय, द्रोपदी साहू, रामु देवांगन, मंडल मंत्री राकेश वर्मा गुमराव, धनेश्वर गौतम, कामेश्वर प्रसाद, मुख्यतः उपस्थित होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। कार्यक्रम के आयोजक अनिल प्रसाद, वीरेंद्र अग्रवाल, मुन्ना सिंह, छोटू प्रसाद, शेष सिंह द्वारा आयोजन सराहनीय रहा जिन्होंने सुबह से ही चाय, नास्ता पानी व्यवस्था कर आने वाले श्रद्धालुओं का ख्याल रख कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम का हवन पूजन पंडित राकेश शर्मा द्वारा संपन्न किया गया।



## धान कटाई



**उतई।** अंचल में धान कटाई जोरों से शुरु हो गई है । कहीं-कहीं पारंपरिक तरीके से हंसिया से मजदूरों द्वारा कटाई की जा रही है तो कहीं-कहीं हार्वेस्टर से धान कटाई हो रही है । मजदूर ज्ञानेश्वर ठाकुर महकाकला के खेत में धान कटाई करते हुए।

## पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय के यहां छठ मैया की विशेष कृपा, आया नन्हा मेहमान



**भिलाई, 9 नवंबर।** सूर्यदेव की उपासना व लोक आस्था के महापर्व छठ का शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। सेक्टर 2 तालाब के छठ घाट पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय भी सपरिवार सूर्य देवता को अर्घ्य देने पहुंचे। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री उन्होंने लोगों के खुशहाली, सुख-समृद्धि की कामना छठी मैया से की। इस दिन दोपहर को पूर्व कैबिनेट मंत्री पाण्डेय के पुत्र मनीष पाण्डेय को एम्स हॉस्पिटल रायपुर में पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। पाण्डेय ने इस दौरान श्रद्धालुओं से भेंट की और उन्हें इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छठी मईया और भगवान भास्कर से भिलाई वासियों के सुख- शांति और समृद्धि की कामना कीं। तत्पश्चात वे सेक्टर-7, बैकुंठधाम एवं लक्ष्मण नगर तालाब छावनी पहुंचे एवं श्रद्धालुओं से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## छठ पर्व समापन पश्चात भिलाई निगम का सफाई अभियान



भिलाई, 9 नवंबर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में बड़े श्रद्धा एवं भक्ति के साथ छठ पर्व मनाया गया। त्योहार के पूर्व नगर निगम भिलाई द्वारा सभी तालाबों की साफ-सफाई, रंग रोगन के साथ प्रकाश व्यवस्था बेहतर किया गया था। सभी जगहों पर नगर निगम की सुरक्षा टीम मुस्तैद रही, जिससे किसी प्रकार का दुर्घटना न होने पाये। श्रद्धालुओं को समझाते भी रहे कि ज्यादा गहरे पानी के अंदर न जाये, जहाँ तक बेरीकेट लगा हुआ है। त्योहार के पश्चात नगर निगम भिलाई का स्वास्थ्य विभाग का दल जोन अनुसार फिर से सफाई व्यवस्था हेतु लग गये। सभी घाटों पर विशेष दल के माध्यम से सफाई करवाया जा रहा है। इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है जो भी पूजा सामग्री तालाबो पर एकत्रित हुए है उसे गड्ढा करके मिट्टी में डाल दिया जा रहा है। जिससे वह खाद बन जाए, एक निश्चित रासायनिक प्रक्रिया के बाद पूजा सामग्री खाद बन जाता है। उसको उपयोग नगर निगम भिलाई के विभिन्न उद्यानों किया जाता है।


## राहुल बृजजीवन ने दी छठ पर्व की शुभकामनाएं



**भिलाई, 9 नवंबर।** कांग्रेस के पूर्व जिला सचिव एवं समाजसेवी राहुल बृजजीवन राय ने राधिका नगर, सेक्टर-2 तालाब, शीतला तालाब मरोदा टंकी, हुडको, कोहका, बैकुंठ धाम तालाब, नेहरू नगर के तालाबों पर पहुंच कर छठ व्रती एवं श्रद्धालुओं को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। राय ने अपनी धर्मपत्नी नेहा राय के साथ छठ पूजा में हिस्सा लिया और छठ माई से प्रार्थना की कि लोगों के जीवन में सुख,शांति और समृद्धि आये ।

## भिलाई इस्पात संयंत्र ने दर्ज किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

**भिलाई, 9 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन दर्ज किया। ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड रॉड मिल तथा रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट-3 ने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में, संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस द्वारा अप्रैल-अक्टूबर अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज किया गया। संयंत्र ने अप्रैल से अक्टूबर अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिश स्टील उत्पादन भी दर्ज किया। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने अप्रैल से अक्टूबर अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ हॉट मेटल उत्पादन 1.58 मिलियन टन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि अप्रैल-अक्टूबर में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.57 मिलियन टन को पार किया। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने सर्वश्रेष्ठ कास्ट स्टील उत्पादन 2.04 मिलियन टन दर्ज किया, जो कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.99 मिलियन टन से अधिक है। इसके अंतर्गत पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.32 मिलियन टन की तुलना में बिलेट्स का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.33 मिलियन टन शामिल है। बार एंड रॉड मिल ने भी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से अक्टूबर अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.68 लाख टन दर्ज कर, पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि अप्रैल से अक्टूबर में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.64 लाख टन को पार किया। यूनिवर्सल रेल मिल ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.73 लाख टन की तुलना में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्राइम रेल उत्पादन 4.88 लाख टन दर्ज किया। इसके अंतर्गत अब तक का सर्वश्रेष्ठ लांग रेल उत्पादन 4.71 लाख टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.54 लाख टन से कहीं अधिक है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) से लांग रेल उत्पादन सहित संयंत्र द्वारा कुल लांग रेल उत्पादन, पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.41 लाख टन की तुलना में अब तक का उच्चतम उत्पादन 5.80 लाख टन दर्ज किया गया। संयंत्र द्वारा अप्रैल से अक्टूबर अवधि के लिए लांग रेल की कुल लोडिंग 5.80 लाख टन दर्ज की गई, जो कि इस अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ रहा। संयंत्र ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.53 लाख टन को पार किया। इसके अंतर्गत आरएसएम द्वारा दर्ज लांग रेल की अब तक की उच्चतम लोडिंग 1.06 लाख टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 87,141 टन से कहीं अधिक है। यूआरएम ने भी सर्वश्रेष्ठ लांग रेल लोडिंग 4.73 लाख टन दर्ज की, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.66 से अधिक है। आरएमपी-3 ने अप्रैल से अक्टूबर की अवधि के लिए लाइम और कैल्साइन्ड डोलोमाइट का कुल 3.72 लाख टन उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.93 लाख टन को पार किया। संयंत्र ने अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिष्ड स्टील उत्पादन 2.729 मिलियन टन दर्ज किया, जो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी अवधि अप्रैल से अक्टूबर में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.728 मिलियन टन से अधिक है। तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में, वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से अक्टूबर की अवधि के लिए संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेसों ने 433 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल (किलोग्राम/टीएचएम) की सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज की, जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 की इसी अवधि अप्रैल-अक्टूबर में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ दर 446 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल से कम है। अप्रैल से अक्टूबर अवधि में संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेसों 4,5,7 और 8 द्वारा सर्वश्रेष्ठ कोल डस्ट इंजेक्शन दर (सीडीआई) दर्ज की गईं। संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों ने अक्टूबर 2024 माह में 151 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल की सर्वश्रेष्ठ मासिक कोल डस्ट इंजेक्शन (सीडीआई) दर दर्ज की है, जो कि सितंबर 2024 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ सीडीआई दर 148 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल से अधिक है।



# अस्तांचल सूर्य को दिया अर्घ्य, व्रती महिलाओं ने गाया गीत





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 नवंबर।** भगवान सूर्यदेव एवं छठी माता की आराधना का पर्व छठ पर्व बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया. धर्मनगरी के हृदयस्थल महावीर तालाब प्रांगण में श्रद्धा भक्ति का माहौल था. पर्व के दौरान गुरु?वार को तीसरे दिन भक्तों ने महावीर तालाब में पहुंचकर अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य दिया. 5 नवंबर को नहाय खाए पर्व के साथ प्रारंभ हुए सूर्य उपासना का महापर्व चार दिनों तक मनाया गया.

7 नवंबर को महावीर तालाब में छठ पर्व का व्रत रखने वाले एवं उनके परिजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही. दोपहर लगभग 03 बजे से ही टोकरी लिए बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बननी प्रारंभ हो गई थी. तालाब के घाट में पूजा सामग्रियों को सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। तालाब के पानी में उत्तर कर भक्तों ने घंटों अस्तांचल भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया गया एवं संतान व परिवार के लिए मंगल कामना की गई. वहीं शुक्रवार की सुबह की पहली किरण के साथ ही भक्त महावीर तालाब में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान् सूर्य की विधिवत् पूजा अर्चना कर अर्घ्य दिया. तालाब परिसर में भक्ति गीतों की गूंज के साथ ही छठ तालाब परिसर को व्यापक रूप से सजाया गया था. तालाब में एक ओर से लेकर दूसरे छोर तक घाट में बड़ी संख्या में से पूजा-अर्चना करने में जुटे रहे. तालाब परिसर में बच्चों एवं बड़ों ने फटाके फोड़कर पर्व मनाया. इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिकों व जमप्रतिनिधि भी महावीर मन्दिर के तालाब पहुँच लोगों को बधाई व शुभकामनाए प्रेषित की।

शुक्रवार को चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हुआ. भक्त गुरुवार शुक्रवार की रात्रि 03 बजे से ही महावीर तालाब पहुँच छठी माता का विधिविधान से पूजा अर्चना कर भगवान् सूर्य को अर्घ्य देकर प्रसाद वितरण किया गया. वहीं इस बार छठ महापर्व की पूजा अर्चना में अन्य समाज के लोगों ने भी परिवार सहित शामिल हो अपने संतान की दीर्घायु के लिए भक्तिभाव से पूजा अर्चना कर मंगल कामना हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया।

## एक नजर

### झारखंड के जमशेदपुर में दलेश्वर साहू ने चुनावी कमान संभाली



**डोंगरगांव 9 नवंबर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छः विधानसभा क्षेत्र के लिए ए.आई. सी.सी. दिल्ली से नियुक्त पर्यवेक्षक दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.अंशुल अविजित ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे व ए.के.शास्त्री ए.आई. सी.सी. दिल्ली की उपस्थिति में चुनावी रणनीति को घर घर तक पहुंचाकर चुनाव जीतने को सुनिश्चित बनाने हेतु बैठक ली। ज्ञात हो कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस को जमशेदपुर पूर्व व पश्चिम सीट मिली है । पूर्व से डॉ.अजय कुमार व पश्चिम से बन्ना गुप्ता प्रत्याशी है । दलेश्वर साहू के साथ किसान नेता गुलाब वर्मा,डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह सहित डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू प्रचार हेतु साथ है।

### पेयजल आपूर्ति नहीं होने से लोगों में आक्रोश: वैष्णव

**राजनांदगांव 9 नवंबर।** जिला किसान कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास



वैष्णव ने कहा कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत उसडीबोड में मोहारा जल प्रदाय योजना के तहत पानी आपूर्ति 24 ग्राम पंचायत किया जाता है लेकिन 2 नवंबर से 15मिनट ही पानी एक समय मिल पा रहा तथा अधिकांश घरों पानी नहीं मिलना पी ई ची अधिकारी जिम्मेदार है मोटर जल गया करके आपूर्ति नहीं करना अध्यक्ष विधानसभा माननीय रमन सिंह जी क्षेत्र बुरा हाल है आमलोगों को बोरिंग कुआं सहारा लेना पड़ रहा केन्द्र सरकार हर नल घर जल योजना में अधिकारी लोग बंदरबांट कर रहे हैं क्षेत्र जनता को तर्शाने पर मजबुर है अध्यक्ष विधानसभा क्षेत्र अधिकारी मनमानी कर रहा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमजनता खरा खोटी सुना रहा अधिकारी ऊपर लगाम कसें नहीं तो उचित कार्रवाई करे।

### शुभ नाम कर्म उदय से पाई पार्श्व ने यश कीर्ति : मुनि सुधाकर

**रायपुर 9 नवंबर।** श्री लाल गंगा पटवा भवन,



टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में नियमित धर्म की गंगा प्रवाहमान हो रही है। आज दिनांक 09/11/2024 एक विशेष व्याख्यान माला जो उवसग्गहरं स्त्रोत आधारित है ÷तीर्थंकर परमात्मा पार्श्वनाथ की गौरवगाथा÷ का आयोजन मुनिश्री की सन्निधि में किया गया। मुनिश्री सुधाकर जी ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को पार्श्व जीवन गाथा को बताते हुए बताया कि अरिहंत/तीर्थंकर भगवान सर्वोच्च स्थान, अतिशय धारी व पुण्यशाली होते हैं। उनकी उपासना से आदि-व्याधि से समाधि को प्राप्त किया जा सकता है। मुनिश्री ने आगे कहा कि यदि हम देखेंगे तो यह प्रतित होगा कि किसी भी तीर्थंकर भगवान का नाम राशि सबसे महत्वपूर्ण नक्षत्र अनुसार भी नहीं है। भारतीय पुरातन ज्योतिष शास्त्र के साथ ही जैन ज्योतिष शास्त्र के गहन अध्ययन से भी यह प्रतित होता है कि शुभ नाम कर्म के साथ अशुभ का बंधन किसी भी अनिष्टकारी के व्यवधान से उत्पन्न न हो इस लिए ऐसा प्रावधान किया गया था। मुनिश्री सुधाकर जी ने कहा कि परमात्मा पार्श्वनाथ भगवान ने नाम कर्म का बंधन किया था फलस्वरूप उनकी यश कीर्ति अन्य तीर्थंकरों की अपेक्षा अधिक है, जिसका कारण था उन्होंने ने 100 तीर्थंकरों के 500 कल्याणकों को बड़े उत्साह के साथ मनाया था ( प्रत्येक तीर्थंकर के पांच कल्याण होते हैं- चैवन्य, जन्म, दीक्षा, कैवल्य व निर्वाण )। पार्श्व के अनेक नाम हैं, जिनके साथ अनेक घटनाओं का समायोजन है। मुनिश्री ने आगे बताया कि उनके शिष्य-शिष्याओं को रिद्धी-सिद्धी प्राप्त थी फलस्वरूप वे अपना आयुष पूर्ण कर देव-देवियां बने, उन्होंने ने 126 वृद्ध कुंवारीयों का उद्धार किया, तापस यज्ञ में जल रहे नाग-नागिन जोड़े को महामंत्र नवकार सुनाकर तार दिया व नौ ग्रहों में 3 ग्रह? उनके शिष्य हैं ऐसे ही अनेक तथ्य उनके साथ जुड़े हुए हैं। मुनिश्री ने कहा कि उवसग्गहरं स्त्रोत की रचना जैन धर्म में आये विनाश को टालने के लिए कि गई थी। मुनिश्री ने बताया कि शुभ नाम कर्म के कारण ही सबसे अधिक मंत्रों का निमार्ण भी उन्हीं पर हुआ है।

### तीन दिवसीय मोहारा पुन्नी मेला 14 से शुरू होगा

**राजनांदगांव 9 नवंबर।** श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.सी.जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शिवनाथ तट मोहारा में कार्तिक पुन्नी के अवसर पर आयोजित होने वाला मेला इस वर्ष दिनांक 14 से 16 नवम्बर को आयोजित करने बाबत। कलेक्टर महोदय की स्वीकृति प्राप्त हो गई है प्रति वर्ष अनुसार मेला के तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम देने बाबत। उनके द्वारा संचालक संस्कृति को लिखा गया है। मेला की सूचारू व्यवस्था के लिऐ कलेक्टर द्वारा श्री अतुल विश्वकर्मा आयुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

आज अपरान्ह में महापौर श्रीमति हेमा सुदेश देशमुख एवं कमीशनर श्री विश्वकर्मा ने समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.सी. जैन के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया तथा चालू निर्माण कार्यो के संबंध में कार्यापालन मंत्री श्री वर्मा उपयंत्री एवं ठेकेदारों से चर्चा की गई तथा सभी निर्माण कार्य तीन दिन के भीतर करने का निर्देश दिया गया।

### दो दिवसीय ईशावास्य उपनिषद सूत्र सत्संग प्रवचन का समापन

**डोंगरगढ़ 9 नवंबर।** धर्मनगरी के छिरपानी समीप माता की पहाड़ी के नीचे मोटल विश्रामगृह में 07 व 08 नवम्बर 2024 को नवनाथ सत्संग मंडल छत्तीसगढ़ आयोजक समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय उपनिषद ईशावास्य सूत्र 09 वां सत्संग व महाप्रवचन सद्गुरु छोटेदादा के सानिध्य वचनों के साथ सम्पन्न हुआ. ईशावास्य उपनिषद् सूत्र 9 विषय पर छत्तीसगढ़ डोंगरगढ़ की आराध्य देवी माँ बम्लेश्वरी देवी के सानिध्य में गुजरात के महान संत विश्व वंदनीय परम पूज्य श्री छोटेदादा गुजरात के नवसारी जिले के बिलीमोरा के महान संत दो दिन के वेद उपनिषद् सत्संग के लिए डोंगरगढ़ पधारे थे । गुरुदेव के छत्तीसगढ़ के शिष्य गण नवनाथ सत्संग मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में वेद और उपनिषद पर प्रवचन हुआ था । जिसमें गुरुदेव ने अनुयाईयों को इच्छाओं से ऊपर कैसे उठे ? निष्काम उपासना कैसे करे ? ज्ञान, सद्ज्ञान और ब्रह्मज्ञान क्या है? ज्ञान~ जो हमें भौतिक सुख दिलाए ! सद्ज्ञान~ जो हमें भौतिक सुख के होते हुए हमें आध्यात्मिकता और परमात्मा की और ले जाए। ब्रह्म ज्ञान~ सृष्टि के कण कण में परमात्मा है उसका अनुभव कराए वो है ब्रह्म ज्ञान ।



## महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्यों की दी गयी स्वीकृति

**राजनांदगांव 8 नवम्बर।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को लाभ देने एवं शहर में डामरीकरण कराये जाने, आगनबाडी केन्द्रो के रिक्त पद की पूर्ति सहित गणेश पर्व प्रतियोगिता के परिणाम की स्वीकृति तथा चैक चैराहों के नामकरण की अनुशंसा प्रदान की गयी। बैठक के पूर्व महापौर परिषद के नये प्रभारी सदस्य श्री अमीन हुद्दा सहित नवागत आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तथा स्थानांतरित तकनीकि अधिकारियों का स्वागत कर परिचय प्राप्त किया गया। इस अवसर पर आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नया विषय एवं नयी जगह है, आप लोगो के सहयोग से काम करना है, तभी काम में आप लोगो के अनुभव का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आप सबके साथ मिलकर नगर विकास में काम करना है।



महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। साथ ही शहर में डामरीकरण कराये जाने दी गयी स्वीकृति की पुष्टि की गयी। इसके अलावा निगम सीमाक्षेत्र के आंगनबाडी में 4 कार्यकर्ता व 3 सहायिका की नियुक्ति आदेश जारी करने की स्वीकृति तथा लखोली बैगापारा व जनता कालोनी आंगनाडी केन्द्र में कार्यकर्ता के रिक्त पद की पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा वर्ष 2024 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में विसर्जन झाकी के अ वर्ग एवं ब वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समितियों तथा सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त परिणामों की स्वीकृति दी गयी। उन्होंने बताया कि बी.एन.सी. मिल की रिक्त भूमि को उद्योग धंधा लगाने निगम को दिये जाने, शंकरपुर तालाब को रेल्वे द्वारा निगम को हस्तांतरित करने तथा तालाबों की जलकुंभी हटाने मशीन ऋय करने शासन को प्रस्ताव भेजे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि सामाजिक बंधुओं की मांग अनुसार चैक चैराहो व मार्ग का नामकरण करने की अनुशंसा की गयी।

### सीईओ पोट्ठ लईका कार्यक्रम अंतर्गत पालक चौपाल में हुई शामिल

**राजनांदगांव 9 नवम्बर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह राजनांदगांव विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम सुरगी में जिला पंचायत की अभिनव पहल के तहत संचालित पोट्ठ लईका कार्यक्रम अंतर्गत पालक चौपाल में शामिल हुई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह का आंगनबाड़ी केन्द्र की बालिका उर्मी द्वारा प्रसन्नता से स्वागत किया गया। उन्होंने पालक चौपाल में उपस्थित गर्भवती एवं शिशुवती माताओं से चर्चा करते हुए बच्चों एवं उनके स्वास्थ्य के संबंधी जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत ने बच्चों में कुपोषण से होने वाले दुष्परिणामों से संबंध में जानकारी दी और इससे बचने के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार को खाने एवं बच्चों को भी पौष्टिक आहार खिलाने कहा। शिशुवती माताओं से बच्चों की दिनचर्या के संबंध में जानकारी लेते हुए बच्चों को जंक फूड, पैकेट फूड से बचाने तथा बच्चों में अच्छी आदतों का विकसित करने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों के सही देखभाल से उनका भविष्य संवरता है। कुपोषण न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी बच्चों के विकास को अवरुद्ध करता है। पालक चौपाल में पालकों को बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राम सुरगी में पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत चयनित 53 बच्चों में से 16 बच्चे कुपोषण की श्रेणी से बाहर आ गए है। शेष बच्चों के वजन में वृद्धि हुई है।

## महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 9 नवंबर।** प्रार्थीया उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बरगाही थाना लालबाग की रहने वाती जिसकी शादी सामाजिक रिति रिवाज के बरगाही निवासी कमल मोटबरे से हुई थी उसके पति से अनबन होने पर अपने ससुराल को छोड़कर सन 2017 में अपने मायके राजीव नगर पर आकर पर किराये पर रह रही थी उसी समय 2018 में मोबाइल के माध्यम से प्रकाश राव पिता मोहन राव उम्र 29 वर्ष निवासी गौरी नगर गली नं से बातचीत होने लगी तब प्रकाश राव ने प्रार्थीया को बोला मैं तुमसे प्यार करता हूं शादी करना चाहता हूँ तुम्हारे बच्चों को पिता का नाम देना चाहता हूँ कहकर प्रार्थीया के साथ शारीरिक संबंध लगातार प्रार्थीया के साथ बनाते आ रहा है जब प्रार्थीया शादी के लिए बोती तो प्रकाश राव मां बहन कि गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर तुमसे कौन शादी करेगा कहकर इनकार करते रहा प्रार्थीया को जाओ जो करना है कर लो कहकर धमकी देता रहा कि दिनांक 07/11/24 को प्रार्थीया की रिपोर्ट पर अप0 क0 490/2024 धारा 294,323,506,376(2)ह भाटवि0 मे विवेचना में लिया गया मामले की गभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मौहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शमी, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन में आरोपी को जल्द से जलूट पकडने हेतु निर्देश देने पर थाना वसंतपुर प्रभारी श्री सत्यनारायण देवांगन द्वारा तत्काल टीम गठित कर लगातार आरोपी की पता तलाश किया जाकर आरोपी प्रकाश राव पिता मोहन राव उम्र 29 वर्षे साकिन गली न0 । गौरी नगर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकर करने पर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी0 सत्यनारायण देवागन, म0प्र0आर0 मेनका साहू बी 9 पेट्रोलिंग की भूमिका सराहनीय रही।



## अवैध शराब एवं बिक्री रकम 500 रुपए सहित आरोपी पकड़ाया



**छुरिया 9 नवंबर।** 7 नवंबर को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगढ़, श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी छुरिया के नेतृत्व में हमराह स्टाफ एवम, उ नि ओम साहू के थाना छुरिया क्षेत्र मे जुआ , शराब , आदि गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये भ्रमण पर रवाना हुई थी कि दिनांक 07.11.2024 को अवैध शराब बिक्री की मुखबीर सूचना पर ग्राम घोघरे तिराहा के पास पुलिस टीम द्वारा शराब रेड की कार्यवाही की गई आरोपी घनश्याम साहु पिता कृष्णा साहू उम्र 28 साल साकिन ग्राम पटपर पुलिस चौकी चिचोला को 19 पौवा शोले देशी प्लेन अवैध शराब कीमती 1900/रूपये एवं बिक्री रकम 500/ रूपये के साथ पकड़े जाने पर गवाहों के समक्ष जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा - 34(1) के तहत कार्यवाही कर थाना छुरिया में अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य उप निरीक्षक ओम साहू आरक्षक 160,460,15590एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

■ आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मेला के पूर्व मंच, रोड एवं प्रवेश द्वार के कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

# महापौर एवं आयुक्त ने किया मोहारा मेला स्थल का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 नवम्बर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला का आयोजन किया जा रहा है। मोहारा मेला स्थल का महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण कर मेला स्थल में चल रहे सौदर्यीकरण कार्य में प्रवेश द्वार, मंच, रोड निर्माण कार्य पूर्ण करने के अलावा बिजली पानी सफाई संबंधी आवश्यक सेवा मुहैया कराने तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा से कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत राशि से मोहारा मेला स्थल का सौदर्यीकरण किया जा रहा है, चुकि अगले सप्ताह पुन्नी मेला का आयोजन होना है, उसके पूर्व मंच निर्माण, रोड निर्माण व प्रवेश द्वार निर्माण पूर्ण करे तथा अन्य कार्य मे तेजी लावे।



प्रवेश द्वार में मोहारा पुन्नी मेला प्रवेश द्वार अंकित करे, कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने कहा कि मोहारा मेला की प्रसिद्धि वर्षो से है, जहॉ आस्था का सैलाब उमडता है, इसे ध्यान में रखते हुये शासन की मंशानुरूप सौदर्यीकरण कार्य करना है, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न हो, तकनीकि अधिकारी प्रतिदिन मानिटरिंग कर कार्य पूर्ण करावे। उन्होंने कहा कि मेला में अन्य आवश्यक व्यवस्था भी सुनिश्चित करे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि मोहारा मेला स्थल सौदर्यीकरण कार्य जन भावनाओं के अनुरूप हो इसके सभी कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से कहा कि मेला स्थल में समुचित साफ सफाई हो, इसके अलावा नदी की ओर बेरिकेटिंग करे, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो, मेला स्थल में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो, स्थल में लगे पोल के अलावा आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर लाईट लगावे, जिससे सम्पूर्ण मेला स्थल प्रकाशित हो तथा पेयजल के लिये पाईप लाईन विस्तार कर स्टेन पोस्ट लगावे व मोबाईल टायलेट की व्यवस्था करें। मेला परिसर में दुकाने रोड के दोनों ओर लगाया जावे, इस आधार पर ले-आउट करे। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से सम्पादित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि मेले के दौरान जल सयंत्रगृह में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के प्रवेश न करे, पेयजल जैसे अति आवश्यक सेवा में लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये, संबधित अधिकारी व कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करेंगे, मेला स्थल में कोई कमी न हो तथा किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसका भी ध्यान रखा जाये। निरीक्षण के दौरान श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष श्री डी.सी. जैन पूर्व पार्षद श्री अवधेश प्रजापति सहित प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू व ठेकेदार उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### महापौर पहुंची मोती तालाब, छठ पर्व की दी बधाई



**राजनांदगांव 8 नवम्बर।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख मोती तालाब पहुच कर छठ व्रत रखने वाले महिलाओ व पुरूषों को छठ पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि संतान की दीर्घायु व परिवार की खुशहाली एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना को लेकर मनाये जाने वाले इस त्यौहार पर मैं आप सभी के परिवारों की खुशहाली के लिये सूर्यदेव से प्रार्थना करती हूँ और इस त्यौहार को प्रतिवर्ष इसी प्रकार उमंग व उल्लास के साथ मनाये जाने की आप लोगों से अपील करती हूँ। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि आस्था के इस महा पर्व के तीसरे दिन गुरूवार को डुबते हुये सूर्य को अर्घ्य देने आज बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष मोती तलाब में उपस्थित हुये है, और चैथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घण्टे का निर्जला उपवास तोडते है। उन्होंने कहा कि कठिन व्रत वाले इस पर्व के लिये लोगों में उत्साह है और बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोग पूजा अर्चना कर रहे है। उन्होंने उपस्थितजनों को पुनः इस पर्व पर अपनी शुभकामना दी।

### सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों की ली गई तलाशी



**राजनांदगांव 9 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने व दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थो एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 08/11/2024 को रात्रि 08 से 12 बजें तक एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालो के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

### व्यवस्था में हुई चूक तो होगा उग्र आंदोलनः कुलबीर



**राजनांदगांव 9 नवंबर।** अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय में विगत दिनों 20 डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफे की खबर के बाद मचे बवाले व मरीजों को हो रही परेशानियों को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा विगत दिनों पत्रकारवार्ता लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डा.रमन सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलकर व्यवस्था सुधारने की बात कही थी। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्रवार 08 नवंबर को जिला अस्पताल अधीक्षक अतुल मनोहरराव देशांकर को ज्ञापन सौंपकर जल्द निराकरण करने व कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। सौंपे ज्ञापन के संबंध में जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि शासकीय जिला चिकित्सालय के 20 डॉक्टरों के इस्तीफे, सिटी स्कैन मशीन, एमआईआर मशीन, एक्सरे मशीन व हॉस्पिटल में चल रही गतिविधियों को लेकर ज्ञापन सौंपकर उचित निराकरण कर जानकारी मांगी है। श्री छाबड़ा ने आगे बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों से बैठक कर उनकी मांगों को समजस्य बनाकर मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने तथा सिटी स्कैन मशीन में कांग्रेस सरकार के समय दी गई मशीन खरीदी की राशि में वर्तमान में हुई मूल्य वृद्धि के कारण सिटी स्कैन मशीन की खरीदी में अतिरिक्त होने वाले व्यय एवं हास्पिटल में एमआईआर मशीन, एक्सरे मशीन एवं अन्य अस्पताल में कमियों की पूर्ति को व्यवस्थित करने कहा है।

## संपादकीय

# देश के सुरक्षित डिजिटल भविष्य की दिशा में कदम

भारत में, दूरसंचार की उपयोगिता लोगों को जोड़ने से कहीं बढ़कर है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण उपकरण भी है, जो विकास के हाशिए पर रहने वाले लोगों के उत्थान का काम करता है। पिछले एक दशक में, देश में डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भारी विकास हुआ है। दुनिया में सबसे सस्ते डेटा दरों के साथ, भारत में अब 954.40 मिलियन से अधिक इंटरनेट ग्राहक हैं। इनमें से 398.35 मिलियन इंटरनेट ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्शन 64 मिलियन से बढ़कर 924 मिलियन हो गए हैं। इस व्यापक कनेक्टिविटी ने एक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, जो आज हमारे कुल आर्थिक परिदृश्य में 10 प्रतिशत का योगदान देता है। वर्ष 2026 तक इस योगदान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांचवें हिस्से या 20 प्रतिशत तक पहुंच जाने का अनुमान है। बैंकिंग सेवाएं, केवाईसी सत्यापन, डिजिटल भुगतान और मोबाइल-आधारित प्रमाणीकरण भारत की डिजिटल क्रांति की रीढ़ रहे हैं, जिससे जन धन, आधार, मोबाइल (जेएएम) की तिहरी सेवाओं को फलने-फूलने में मदद मिली है। अकेले अक्टूबर 2024 में, देश में आधार समर्थ भुगतान प्रणाली के माध्यम से 126 मिलियन डिजिटल लेनदेन दर्ज किए गए।

हालांकि, यह डिजिटल क्रांति विकट चुनौतियां भी प्रस्तुत कर रही है। विशेष रूप से, तकनीकी प्रगति के साथ पैदा होने वाले खतरों से हमारे नागरिकों की सुरक्षा की चुनौती। हमारे हाथ में रखे जाने वाले सुविधा के ये उपकरण स्पैम कॉल, घोटाले वाले संदेश, टेलीमार्केटिंग के अनुचित कॉल, फ़िशिंग घोटाले, नकली निवेश एवं ऋण के अवसरों जैसे साइबर अपराधों के जाल से भी घिरे हैं।

एक विशेष चुनौती सामने आई हैऋडिजिटल अरेस्ट के घोटाले आज चिंताजनक दर से बढ़ रहे हैं। इसकी कार्यप्रणाली के तहत ङ्क अपराधी सरकारी अधिकारियों के रूप में निर्दोष व्यक्तियों को डराने और जबरन वसूली का कार्य करते हैं। महज वित्तीय नुकसान से परे, ये दुर्भावनापूर्ण कार्यप्रणालियां आजीविका को बाधित करती हैं, विश्वास को खत्म करती हैं और उस आत्मविश्वास को कमजोर करती हैं जो नागरिकों में डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से शामिल होने के लिए आवश्यक है।

हालांकि, इन उभरते खतरों के विरुद्ध त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए हमारे अधिकारियों ने पूरी तत्परता दिखाई है। उन्होंने फर्जी तरीकों से हासिल किए गए मोबाइल कनेक्शनों को काट दिया है और 7.6 लाख शिकायतों के माध्यम से 2,400 करोड़ रूपये से अधिक की राशि की हानि को बचाया। यह महज आंकड़ों को ही नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा और सपनों की सुरक्षा को भी दर्शाता है।

अब जबकि हम डिजिटल स्पेस की रक्षा के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, हमारे नागरिकों के सहयोग के बिना यह एक निरर्थक कवायद साबित होगी। प्रधानमंत्री (पीएम) नरेन्द्र मोदी का हाल ही में नागरिकों से ÷रुको, सोचो और एक्शन लो का आह्वान इंटरनेट की छाया में बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए तात्कालिकता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। यह आह्वान केवल बढ़ते साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रतिक्रिया भर नहीं है, बल्कि एक सतर्क और सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में एक अपील भी है। अपने हालिया 'मन की बात' संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पित हेल्पलाइन 1930 और cyber-crime.gov.in पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की अनिवार्यता दोहराई। साइबर अपराधियों के विरुद्ध लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी पर जोर बेहद अहम है।

फिर भी, साइबर अपराधियों ने चालाकी बरतते हुए नई रणनीति विकसित कर ली है और अंतरराष्ट्रीय कॉलों को प्रच्छन्न तरीके से स्थानीय नंबरों के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में किया जाने वाला चतुराई भरा यह हेरफेर इन कॉलों को वैध स्थानीय नंबर कॉल के रूप में छिपाना संभव बना देता है, जिससे धोखे का परिदृश्य और भी जटिल हो जाता है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम लॉन्च किया है। यह उपकरण एक बड़ा बचाव साबित हो रहा है, जो 86 प्रतिशत नकली कॉलोंङ्क लगभग 1.35 करोड़ कॉल प्रतिदिन - को रोक रहा है।

---

आध्यात्म

ललित गर्ग

# शांति और विकास के लिए विज्ञान के साथ आध्यात्म से जुड़ें



शांति और विकास के लिए हर साल विश्व विज्ञान दिवस हर साल 10 नवंबर को मनाया जाता है। विश्व विज्ञान दिवस का प्रस्ताव पहली बार 1999 में हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व विज्ञान सम्मेलन के दौरान रखा गया था। यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में इस बात पर चर्चा की गई कि विज्ञान समाज पर किस प्रकार प्रभाव डालता है और समाज के लिये अधिक उपयोगी हो सकता है। इसी उद्देश्य से विज्ञान की अहमियत को सामने लाना और विज्ञान से जुड़े मुद्दों पर आम लोगों की बहस को बढ़ावा देकर इस दिन के जरिए, विज्ञान को समाज एवं व्यक्ति से और ज्यादा करीबी से जोड़ा गया है। यह दिन हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और उसकी प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए युग की समस्याओं एवं चुनौतियों का समाधान करता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे विज्ञान जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और प्राकृतिक आपदाओं जैसी वैश्विक समस्याओं को हल करने में मदद करता है। यह युवाओं को विज्ञान का पता लगाने और दुनिया कैसे काम करती है, इस बारे में जिज्ञासा विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। जागरूकता बढ़ाकर, विश्व विज्ञान दिवस लोगों को समाज पर वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के सकारात्मक प्रभाव की सराहना करने के लिए एक साथ लाता है। लेकिन अब इस दिवस के साथ अध्यात्म को भी जोड़ा जाना चाहिए।

तेजी से बदलती दुनिया में कई महत्वपूर्ण कारणों से हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान महत्वपूर्ण है और समाज पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। विज्ञान दिवस उन वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की कड़ी मेहनत को मान्यता देता है जिन्होंने ज्ञान और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने में मदद की है। यह दिन वैज्ञानिकों, शिक्षकों और जनता के बीच टीमवर्क को बढ़ावा देता है ताकि वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए विश्वास और समर्थन का निर्माण किया जा सके। विज्ञान दिवस मनाकर, हमारा उद्देश्य सभी में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और प्रेम-संबंध को प्रेरित करना है, जिससे एक अधिक आदर्श, संतुलित एवं शांतिपूर्ण समाज का निर्माण हो सके। वैज्ञानिक खोजें दुनिया भर में शांति और विकास में सहयोग करते हुए लोगों को नई वैज्ञानिक प्रगति के बारे में बताती है। गरीबी, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य चुनौतियों जैसी वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिए विज्ञान के जिम्मेदाराना उपयोग को प्रोत्साहित भी करती है। वैज्ञानिक इस उल्लेखनीय नाजुक ग्रह एवं सृष्टि के बारे में हमारी समझ को व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसे हम अपना घर कहते हैं और हमारे समाजों को अधिक टिकाऊ बनाने में भूमिका निभाते हैं।

शांतिपूर्ण और स्थायी समाज के लिए विज्ञान की भूमिका पर जन जागरूकता को मजबूत करते हुए यह दिवस विभिन्न देशों के बीच साझा विज्ञान के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देता है। समाज के लाभ के लिए विज्ञान के उपयोग के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करना तथा विज्ञान के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करना और वैज्ञानिक प्रयास के लिए समर्थन जुटाना भी इस दिन का ध्येय है। आज जबकि जलवायु परिवर्तन अरबों लोगों और ग्रह के जीवन के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है, इसके लिये जलवायु परिवर्तन को सकारात्मक मोड़ देने के लिए विश्व समुदायों का निर्माण करने की अपेक्षा है। यह दिवस हमारे दैनिक जीवन पर विज्ञान के प्रभाव का प्रतीक है। यह हमें वैज्ञानिक प्रगति के आकर्षित करने और हमारे ग्रह के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र की अधिक गहन समझ को प्रोत्साहित करने का आग्रह करता है। विज्ञान के जरिए वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद करना और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करना भी इस दिवस का मकसद रहा है।

यूनेस्को द्वारा 2001 में इसकी घोषणा के बाद से, शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस ने दुनिया भर में विज्ञान के लिए कई ठोस परियोजनाएं, कार्यक्रम और वित्तपोषण उत्पन्न किया है। इस दिवस ने संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले वैज्ञानिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में भी मदद की है, इसका एक उदाहरण यूनेस्को द्वारा समर्थित इजरायल-फिलिस्तीनी विज्ञान संगठन का निर्माण है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2024-2033 की अवधि को सतत विकास के लिए विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय दशक के रूप में घोषित किया है। यह एक स्थायी भविष्य के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का दोहन करने के वैश्विक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूनेस्को के नेतृत्व में, इस दशक का उद्देश्य बुनियादी और अनुप्रयुक्त विज्ञान, सामाजिक और मानव विज्ञान, साथ ही अंतःविषय और उभरते क्षेत्रों सहित वैज्ञानिक विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को संगठित करना है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण में परिवर्तनकारी बदलाव में योगदान दिया जा सके। वैज्ञानिक साक्षरता को बढ़ावा देने और सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करके, दशक सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और सभी के लिए सुरक्षित, अधिक समृद्ध, शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करने में विज्ञान की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास करता है। निश्चित ही विज्ञान ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार किया है, रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं, असंख्य लोगों की जान बचाई है, कई उद्योगों में अहम भूमिका निभाई है, ऊर्जा और पानी तक पहुंचने में मदद की है, बीमारियों को ठीक करने में मदद की है, चिकित्सा-क्रांति का माध्यम बनकर कर असाध्य बीमारियों को नियंत्रित किया है।

विकास, विज्ञान एवं उपलब्धियों पर सवार आज की दुनिया का एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी गरीबी, अभाव, भूखमरी में घुटा-घुटा जीवन जीता है, जो परिस्थितियों के साथ संघर्ष नहीं, समझौता करवाता है। हर वक्त अपने आपको असुरक्षित-सा महसूस करता है। जिसमें आत्मविश्वास का अभाव अंधेरे में जीना सिखा देता है। विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी जटिल स्थितियों में विज्ञान दिवस ने सभी को भोजन देने में मदद की है, शांति एवं सह-जीवन के निर्माण में मदद की है।

विज्ञान दिवस को अधिक उपयोगी एवं प्रासंगिक बनाने की अपेक्षा है। अब तक विज्ञान अध्यात्म से अछूता रहा है, जिसके कारण विज्ञान के वास्तविक परिणाम सामने नहीं आ पाये हैं। जरूरत है अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वित प्रयत्नों की, आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्वों के निर्माण की। नये सत्यों को खोजने की। न्यूटन से कहा गया- ह्वआपने बहुत से नियम खोजे हैं।ह्ल उन्होंने बहुत मार्मिक उत्तर दिया- ह्वतुम लोग कुछ भी कहो। लेकिन मेरी स्थिति तो समुद्र के तट पर खड़े उस बालक जैसी है, जो समुद्र के किनारे पड़ी सीपियों को बटोर रहा है। किन्तु विशाल समुद्र के गर्भ में छिपे रत्न उससे बहुत दूर हैं।ह्ल विज्ञान की स्थिति भी अध्यात्म के बिना लगभग ऐसी ही है। विज्ञान एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व तभी अधिक प्रासंगिक हो सकेंगे जब चेतना की खोज, मानव की खोज होगी। आज इसकी सर्वाधिक अपेक्षा है। मानव की खोज बहुत कम हुई है। वैज्ञानिकों ने जितने परीक्षण किये हैं, चूहों पर, मेढकों और बन्दरों पर किए हैं। सारे प्रयोग पशुओं पर हुए हैं। मनुष्य को उसने अपनी प्रयोग भूमि नहीं बनाया। मनुष्य को समझने का सबसे कम प्रयत्न हुआ है।

अब आवश्यकता है कि मानव का भलीभांति अध्ययन हो। मानवीय मस्तिष्क का अध्ययन उसमें प्रमुख बने। हमारी सारी शिक्षा, सभ्यता, संस्कृति, तकनीकी विकास, सारे जीवन-मूल्य-इनका अधिष्ठाता प्रतिष्ठाता तो मनुष्य का मस्तिष्क है, नाड़ीतंत्र है, ग्रंथितंत्र है। इन सबका अध्ययन तो नहीं किया जा रहा है, समझने का प्रयत्न नहीं किया जा रहा है, सारी रिसर्च पदार्थ पर हो रही है। यह मूल में भूल है। फिर समस्या का समाधान कैसे होगा? आवश्यक है मानव और मानवीय चेतना का अध्ययन। जिस दिन यह हमारी वृत्ति बनेगी उस दिन अध्यात्म और विज्ञान, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक व्यक्तित्व की युति बनेगी, दोनों का योग बनेगा, दोनों एक बनेंगे, तभी विश्व विज्ञान दिवस मनाना सार्थक होगा। आध्यात्मिक गुफा में मौन बैठा रहेगा और वैज्ञानिक अणुबम बनाता रहेगा तो उस अणुबम की अणुधूलि उस गुफा तक भी पहुंचेगी। इसलिए आज की अपेक्षा है कि हर विद्यार्थी वैज्ञानिक बने किन्तु कोरा वैज्ञानिक न बने, आध्यात्मिक वैज्ञानिक बने। आज हर धर्म संस्थान में जाने वाले व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह केवल आध्यात्मिक न बने, उसका दृष्टिकोण वैज्ञानिक बने। इन दोनों का योग ही वर्तमान की सारी समस्याओं-जलवायु परिवर्तन, युद्ध, हिंसा, आतंक, गरीबी, महामारियों का समाधान है और यही विज्ञान दिवस का पहला प्रयत्न या पहला प्रस्थान अधिक उपयुक्त हो सकता है।

---

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दिन की शुरुआत में कुछ परेशानियां रह सकती है लेकिन धैर्य और संयम से आप उनका समाधान निकाल ही लेंगे। अपने भाई-बहनों के साथ रिश्ते में मधुरता रखें, क्योंकि उनके द्वारा आपकी किसी खास परेशानी का समाधान हो सकता है। आज आपसी प्रयासों से पारिवारिक वातावरण सुकून भरा बना रहेगा।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मित्र अथवा रिश्तेदार की व्यक्तिगत समस्या को लेकर समाधान निकालेंगे। आज बातचीत करते समय शब्दों के चयन पर बहुत अधिक ध्यान रखें। आज कार्यक्षेत्र में पब्लिक डीलिंग और मार्केटिंग संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी। हालांकि अधिकतर काम फोन द्वारा ही संपन्न हो जाएंगे। आज आपके काम करने के तरीकों में बदलाव आएगा इससे आपका काम आसान होगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और आपकी आर्थिक स्थिति भी ठीक-ठाक रहेगी।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका कोई पूराना दोस्त आपको फोन कर के आपको सरप्राइज देगा, आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आज अपने विचारों में सकारात्मकता बनाए रखने से अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देगे। आज किसी योजना पर भी पारिवारिक विचार विमर्श हो सकता है। पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या का समाधान मिलने से मानसिक शांति मिलेगी। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे, लोग आपका सपोर्ट करेंगे, आपको राहत मिलेगी।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और साथ ही आपको धन कमाने का नया जरिया भी मिल सकता है। आज व्यक्तिगत व्यस्तता के साथ-साथ आप सामाजिक और पारिवारिक गतिविधियों के लिए भी उचित समय निकाल लेंगे और आपका वर्चस्व, मान-सम्मान भी बना रहेगा।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कोई व्यक्तिगत कार्य आज संपन्न हो जाने से आप उन गतिविधियों में भी ध्यान दे पाएंगे। घर के बड़े बुजुर्गों की सेवा व देखभाल का पूरा ध्यान रखें। उनका आशीर्वाद व स्नेह आपके लिए संजीवनी का काम करेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आगमन से खुशनुमा माहौल रहेगा। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम को अपनी फैमिली के साथ अच्छा समय बिताएंगी।

**कन्या राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज दूसरों के मामलों में ज्यादा टोका-टाकी ना करें और ना ही बिन मांगे सलाह दे। किसी भी प्रकार की भविष्य संबंधी योजनाएं बनाते समय दूसरों के निर्णय की अपेक्षा अपनी सूझ-बुझ को अधिक प्राथमिकता देंगे। आज सकारात्मक माहौल रहेगा। फोन कॉल द्वारा कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है। शुभचिंतक की मदद से जमीन-जायदाद संबंधी कोई रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। आप अपने परिवार वालों को किसी बड़े रेस्टोरेंट में ट्रीट देंगे।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा। आज पड़ोसी आपके कार्यों को पूरा करने में आपकी सहायता करेंगे।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। कोई उलझन जो मन में चल रही है वो आज किसी दोस्त से शेयर करने से दूर हो सकती है। आज आप अपनी योग्यता और मेहनत द्वारा कारोबार में किसी खास काम को आसानी से अंजाम देंगे। किसी पार्टी के साथ नए प्रोजेक्ट पर कार्य करने के लिए बातचीत शुरू हो सकती हैं। ऑफिशियल कामों में आपकी मदद की तारीफ होगी। आपकी आध्यात्मिक और धार्मिक मामलों में रुचि बढ़ेगी। किसी मित्र-सहयोगी की सहायता से आपके बिगड़े हुए कार्य बनेंगे और पिछले दिनों किये गए प्रयासों से सफलता मिलेगी।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने गुस्से और क्रोध को नियंत्रण करके मामले को बखूबी संभाल लेंगे। आज कुछ खास लोगों से मिलने का मौका मिले तो आलस करने की बजाय तुरंत हासिल करेंगे। यह मौका आपके लिए भविष्य में फायदेमंद साबित होने वाले हैं। घर के रखरखाव तथा सब सुविधा संबंधी चीजों की खरीदारी में बेहतरीन दिन बीतेगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आपने अब तक जिस सपने को पूरा करने के लिए मेहनत की है उसका रिजल्ट आज आपको मिलने वाला है। आज किसी नजदीकी व्यक्ति के सलाह से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस समय अपने विचारों को सकारात्मक बनाना अति आवश्यक है।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिये जा सकते हैं। आज भाइयों के साथ अच्छा ताल-मेल बनाकर रखें। खर्च करते समय अपने बजट का ध्यान भी जरूर रखें। आपको अपना लक्ष्य हासिल करने में और अधिक मेहनत करनी होगी। आज कारोबार में नई शुरुआत के लिए खास संपर्क सूत्रों से कोई बेहतरीन कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे तो आपका काम समय से पूरा हो जायेगा। आज किसी से मदद मांगने में संकोच न करें, मदद लेने से आपको लाभ हो सकता है।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज अपने खान-पान की तरफ भी आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। आज दिन का अधिकतर समय घर-परिवार की सुख-सुविधा संबंधी वस्तुओं की खरीदारी में ही बीतेगा। किसी दोस्त की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा। कार्यक्षेत्र में आज आपको आलस करने से बचना चाहिए। जितना एकाग्रचित्त हो कर काम करेंगे। आपको उतनी ही जल्दी सफलता मिलेगी।

---

# व्यंग्य: चलो चाँद पर बल्ब लगाएँ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



एक गांव था, जिसका नाम था बिंदासपुर। बिंदासपुर में सभी लोग अति आत्मविश्वासी थे। उन्हें अपनी बातों पर इतना विश्वास था कि वे कसम खाते थे कि चाँद पर बागबानी कर सकते हैं। गांव के सबसे बड़े बुद्धिजीवी, श्री गप्पू चक्कलू, एक दिन एक अद्भुत विचार लेकर आए। उन्होंने घोषणा की, भाईयों और बहनों! अगर हम चाँद पर बागबानी कर सकते हैं, तो क्यों न वहां एक बड़ा सा प्रकाश बल्ब लगाएं ताकि हम रात में भी काम कर सकें?

गांव के लोग उनकी बात सुनकर बहुत खुश हुए। सबने सोचा, वाह! यह तो कमाल का आइडिया है! और फिर शुरू हुआ प्रकाश अभियान। उन्होंने चाँद पर जाने के लिए पैसे इकट्ठा करने का काम शुरू किया। गप्पू चक्कलू ने हर घर से चंदा लेने की योजना बनाई।

लेकिन समस्या यह थी कि गांव के लोग इतने आत्मविश्वासी थे कि किसी को भी यह नहीं पता था कि चाँद तक पहुंचने के लिए उन्हें क्या करना होगा। इसीलिए गप्पू चक्कलू ने एक अत्याधुनिक रॉकेट बनाने की योजना बनाई। गांव की महिलाओं ने अपने चूड़ी, बिछुए और सोने के हार बेचकर पैसे इकट्ठा किए। पुरुषों ने अपनी जमीन तक बेच डाली।

आखिरकार, उन्होंने एक रॉकेट बनाया, जो मात्र चार फुट ऊँचा था। लेकिन किसी को भी यह नहीं समझ आया कि इसे चाँद पर कैसे भेजा जाएगा। सबने यह सोचकर उसे तैयार किया कि हमें तो बस भेजना है, बाकी सब भगवान देख लेंगे।

एक दिन, गप्पू चक्कलू ने रॉकेट को गांव के चौराहे पर खड़ा किया और सबको इकट्ठा किया। उन्होंने कहा, भाइयों! हम आज चाँद पर जा रहे हैं! और जैसे ही उन्होंने रॉकेट को आग लगाई, वह झपकी में ही चौराहे के एक पुराने आम के पेड़ पर जाकर रुका।

गांव वाले निराश हुए, लेकिन गप्पू चक्कलू ने कहा, देखो! हमने आम के पेड़ तक तो पहुँच गए!

उसके बाद उन्होंने एक और योजना बनाई। उन्होंने सोचा कि क्यों न चाँद की रोशनी को गांव में लाने के लिए दर्पण बनाएं। फिर से चंदा इकट्ठा किया गया, और गांव में सबसे बड़े दर्पण का निर्माण हुआ।

दर्पण बनकर तैयार हुआ, लेकिन एक समस्या थी - वह इतनी बड़ी थी कि उसे किसी ने भी नहीं देखा। गांव वाले इसे देखने के लिए उस पर चढ़ गए। लेकिन जब उन्होंने दर्पण में देखा, तो उन्होंने देखा कि उनके चेहरे पर सिर्फ अंधेरा है।

गप्पू चक्कलू ने तब कहा, हम सच में चाँद की रोशनी को नहीं देख पाए, लेकिन हम अपने आप में एक नई रोशनी पा चुके हैं!

गांव वाले फिर से खुश हुए, बिल्कुल सही कहा! हम अब खुद की अंधकार से उबर चुके हैं।अंत में, बिंदासपुर के लोग चाँद पर बागबानी करने के अपने सपनों के साथ रह गए, लेकिन उन्होंने यह समझा कि कभी-कभी अंधेरा ही सबसे बड़ा प्रकाश बन जाता है।

# फिट रखने में सहायक है लेटरल बैंड वॉक

लेटरल बैंड वॉक एक अहम एक्सरसाइज है, जो कूल्हों की स्थिरता और ताकत को बढ़ाने में मदद करता है।यह एक्सरसाइज खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो दौड़ते, खेलते या काम के कारण लंबे समय तक खड़े रहते हैं।इस लेख में हम लेटरल बैंड वॉक के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा करेंगे और जानेंगे कि इसे कैसे सही तरीके से किया जा सकता है और इसे करते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए। लेटरल बैंड वॉक कूल्हों की मांसपेशियों को मजबूत करने का एक बेहतरीन तरीका है।यह ग्लूटस मेडियस और मिनिमस मांसपेशियों को सक्रिय करता है, जो कूल्हों की स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।इसके नियमित अभ्यास से न केवल चोट लगने का खतरा कम होता है बल्कि शरीर का संतुलन भी बेहतर होता है और चलने-फिरने में आसानी होती है।यह एक्सरसाइज खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो दौड़ते हैं या खेल खेलते हैं। लेटरल बैंड वॉक करते समय सही तकनीक अपनाना बहुत जरूरी है।सबसे पहले अपने पैरों के चारों ओर एक रेजिस्टेंस बैंड बांधें और घुटनों को हल्का मोड़ें, फिर धीरे-धीरे एक पैर को साइड में उठाएं और दूसरे पैर को उसके पास लाएं।

---

प्रगति

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# भारत में विकास का अध्याय आगे बढ़ता जाएगा

हाल में लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी और सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे।

इसी तरह हाल में वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर, 2024 में कहा गया है कि वैंकि चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घट कर 4.0 फीसद होगी जबकि भारत की विकास दर 6.3 फीसद से अधिक रहेगी। वस्तुतः भारत के पास उपभोक्ताओं का उभरता हुआ विशाल बाजार, युवाओं में जबरदस्त ढंग से आगे बढने् की ललक, उद्यमिता की भावना और सुधार का रवैया वैंकि संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए नये अवसरों का आधार है। गौरतलब है कि विगत 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन और इस्त्रइल-ईरान युद्ध की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। मोदी ने कहा कि दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

दुनिया में भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन के मामले में पहले क्रम पर है। इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दूसरे क्रम पर है। स्टार्टअप के मामले में तीसरे क्रम पर है, और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में चौथे क्रम पर है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और मूडी'ज जैसी वैंकि एजेंसियां भी



वैंकि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत को दुनिया की सबसे विसनीय और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ निवेश के पसंदीदा देश के रूप में देख रही हैं। यद्यपि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैंकि अर्थव्यवस्था में गिरावट का दौर बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में वैंकि विश्वास और तेज विकास के मद्देनजर देसी उद्यमियों के साथ वैंकि उद्यमियों के लिए भी बढ़ते अवसरों का परिदृश्य उभर कर दिखाई दे रहा है।

इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल में दुनिया की ख्याति प्राप्त वित्तीय सेवा फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि सितम्बर, 2024 के दौरान भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए खुद को निवेश की पसंदीदा जगह बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी नई रिपोर्ट-2024 में कहा है कि भारत आर्थिक विकास, विदेशी निवेश और नई तकनीकों के उपयोग की ऊंची संभावनाओं वाला देश है। अमेरिका चेंबर ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका की कंपनियों की वैंकि निवेश पसंदगी में भारत का दूसरा स्थान है। इस समय चीन अमेरिकी निवेशकों की प्राथमिकता खोता जा रहा है। इतना ही नहीं, अमेरिका और चीन में बढ़ते तनाव के माहौल में इस समय चीन में कार्यरत 12 लाख करोड़ रुपये निवेश वाली 50 अमेरिकी कंपनियां अपना कारोबार चीन से समेटने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों में से 15 कंपनियां भारत में निवेश की तैयारी कर रही हैं।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विगत 23 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम करने वाली 15 प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के सीईओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बहुआयामी क्षेत्रों में दुनिया के लिए अपार आर्थिक मौके हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि अब भारत को आर्थिक दुनिया के उभरते सितारे के रूप में देखा जा रहा है, जो भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साख को दर्शाता है। वैंकि राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत भारत की आर्थिक स्थिति से भी मिल रही है। अमेरिका और रूस, दोनों महाशक्तियों के साथ भारत की मित्रता के नये अध्याय दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा एवं भारतीय बाजार में मौके बढ़ा रहे हैं।

निस्संदेह भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, कृषि विकास और बढ़ती ग्रामीण अर्थव्यवस्था देश-दुनिया के कारोबारियों और निवेशकों के लिए मौकों का नया द्वार खोल रहे हैं। देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक अब देश की खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ वैंकि खाद्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने के लिए भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अब भारत दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों को खाद्य पदाथरे के निर्यातक देश के रूप में दुनिया में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया का आठवां बड़ा कृषि निर्यातक देश बन गया है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार ऊंचाई पर है, और दुनिया के लिए भारतीय शेयर बाजार में मौके बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 की शुरुआत से भारत में आईपीओ का बाजार गुलजार है। भारत में म्युचुअल फंड (एमएफ) में निवेश छलांगें लगा कर बढ़ रहे हैं। अगस्त, 2024 तक डीमैट खातों की संख्या 17.10 करोड़ के पार हो गई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि विदेश व्यापार में भारत की नई संभावनाएं दुनिया के लिए नये मौके के रूप में हैं। %चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत दुनिया के सक्षम और भरोसेमंद देश के रूप में वैंकि आपूर्ति श्रृंखला में नई भूमिका निभा रहा है।

हम उम्मीद करें कि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैंकि अर्थव्यवस्था में गिरावट के दौर के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी बहुआयामी विशेषताओं के कारण मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। साथ ही, आर्थिक विकास के रणनीतिक प्रयासों से भारत में विकास का अध्याय आगे बढ़ता जाएगा। साथ ही, रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। इससे देश 2027 में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 में विकसित भारत बनने की डगर पर आगे बढ़ेगा।

एक नजर

## ग्राम पंचायत कोटद्वारी सचिव निलंबित

**महासमुंद्र,9 नवंबर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक द्वारा जनपद पंचायत सरायपाली से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम पंचायत कोटद्वारी के सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रतिवेदन के अनुसार 08 नवंबर 2024 को सचिव श्री वृन्दावन बांक कार्यालयीन समय में अनुपस्थित थे। श्री वृन्दावन बांक ग्राम पंचायत सचिव का शराब सेवन करते हुए फोटो वायरल हुआ है तथा शराब के नशे में कार्यालयीन समय में सड़क में घूमते हुए पाया गया है, जिसके कारण इस कार्यालय की छवि धूमिल हुई है। श्री वृन्दावन बांक ग्राम पंचायत सचिव का उक्त कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है, जो छ.ग. पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 के विपरीत है। अतः श्री वृन्दावन बांक ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत कोटद्वारी, जनपद पंचायत सरायपाली के उक्त कृत्य के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री बांक ग्राम पंचायत सचिव का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत महासमुंद निर्धारित किया जाता है तथा उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## ग्राम तारसगांव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 94 आवेदन निराकृत

**कांकेर 9 नवम्बर ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज चारामा विकासखण्ड के ग्राम तारसगांव में किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 121 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 94 का शिविर स्थल में ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।शिविर में सर्वाधिक 50 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को 18, राजस्व विभाग को 14, क्रेडा को 07, आधार पंजीयन संबंधी 05, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि एवं समाज कल्याण विभाग को 04-04 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में 54 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधि प्राप्त की। इसके अलावा अन्य विभागों के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्रतानुसार उनका लाभ लेने की अपील की। शिविर में एसडीएम चारामा श्री नरेन्द्र कुमार बंजारा, ग्राम पंचायत तारसगांव के सरपंच सहित आसपास के ग्रामों के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में मतदान दिवस को श्रमिक एवं कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश

**कांकेर 9 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 13 नवम्बर एवं सीमावर्ती क्षेत्र झारखण्ड एवं महाराष्ट्र में विधानसभा उप निर्वाचन 20 नवम्बर 2024 को मतदान नियत है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग से जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सीमावर्ती राज्य के जिले में मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।जारी आदेशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत औद्योगिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों एवं अन्य व्यवसाय में कार्यरत कर्मचारी, श्रमिक के परिधि में आते हैं, उन्हें सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किए जाने के निर्देश है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख की उपधारा के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी। यदि ऐसे व्यक्ति इस आधार नियोजित किया जाता है और उसे सामान्यतः किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो उसे मजदूरी संदत्त की जाएगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी जाती है। यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधां का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक पांच सौ जुर्माने का दण्डनीय होगा। राज्य शासन द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अन्तर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक एवं कर्मचारी को संबंधित विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की सुविधा प्रदान की गई है।

## वार्षिक साधारण सभा की बैठक हेतु पहचान पत्र अनिवार्य

**कांकेर 9 नवम्बर ।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा के आदेशानुसार जिला शाखा कांकेर में प्रबंध समिति के गठन हेतु जिले में पंजीकृत संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को नियमानुसार सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया गया है कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के आदेशानुसार साधारण सभा की बैठक में जिला प्रबंध समिति के सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव में पहचान पत्र की अनिवार्यता होगी। सदस्य पहचान पत्र के रूप में रेडक्रॉस सदस्यता रसीद की मूल प्रति अथवा आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। पंजीयन प्रवेश पश्चात गठन की कार्यवाही की जाएगी।

## सांकरा में जिला स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम 15 नवम्बर को

**धमतरी, 9 नवम्बर ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन 14 एवं 15 नवम्बर 2024 को दीनदयाल ऑडीटोरियम नया रायपुर में किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिला स्तर पर आगामी 15 नवंबर को नगरी विकासखण्ड के ग्राम-सांकरा में कार्यक्रम आयोजित होना है। इस कार्यकम में विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) के साथ-साथ अनुसूचित जनजातीय समुदाय के सामाजिक आर्थिक विकास हेतु जागरूकता लाने एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से शत्-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए कला/संस्कृति हेतु कार्यरत व्यक्ति, प्रतिभावान जनजातीय विद्यार्थी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ी, जनजातीय वर्ग के प्राकृतिक चिकित्सक, स्वयंसेवी संस्थाएं, जनजातीय वर्ग के शहीद परिवार एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया जाना है।

# विकास कार्यों का प्रदर्शन, उत्कृष्ट शिक्षकों और स्वयंसेवी साक्षरता शिक्षकों का सम्मान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 9 नवंबर ।** जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम सुकमा में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव-2024 कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों और विभागों द्वारा की गई उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे और अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

राज्योत्सव में कई विभागों ने अपने कार्यों और उपलब्धियों को फोटोग्राफ्स एवं फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्वयंसेवी साक्षरता शिक्षकों और जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित करना रहा।

जिला सुकमा में साक्षरता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों को मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे और अन्य जनप्रतिनिधिगण ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें श्री राजकुमार साक्षरता केंद्र कुड़मेलपारा (मुरतोण्डा), श्रीमती रजनी नाग साक्षरता केंद्र कुम्हाररास, कुमारी मीना नाग साक्षरता केंद्र जरलोडीह, कुमारी नीलोती साक्षरता केंद्र कुम्हाररास, कुमारी बिसन्ति नाग - साक्षरता केंद्र कुम्हाररास शामिल है। इसके साथ ही, शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें श्रीमती ममता सिंह प्राथमिक शाला कुम्हाररास, श्रीमती पुष्पा बघेल जनपद प्राथमिक शाला तोंगपाल और श्री रामाधर बंजारे माध्यमिक शाला कांकेरलंका शामिल है।

# विधायक ने जावंगा स्थित बीपीओ भवन में यूथ हब का किया उद्घाटन



**दंतेवाड़ा, 9 नवंबर ।** जिले के युवाओं को शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता विकास के अवसरों तक आसान पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से गीदम स्थित बीपीओ भवन में ''यूथ हब'' का उद्घाटन स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी के द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा, और पीपीआईए फेलो सुश्री दिव्या कुमारी एवं श्री अखिल श्री कुमार उपस्थित थे।ज्ञात हो कि ''यूथ हब''एक ऐसा केंद्र होगा जहाँ दंतेवाड़ा के युवा उच्च शिक्षा, कौशल आधारित रोजगार प्रशिक्षण और उद्यमिता के अवसरों का लाभ ले सकते हैं। जिले का नवीन पहल के तहत ''यूथ हब'' छत्तीसगढ़ में स्थापित होने वाला पहला हब है। यह अभिनव परियोजना दंतेवाड़ा जिले में पीपीआईए फेलो द्वारा संचालित एक व्यापक युवा सशक्तिकरण पहल का हिस्सा है, जो जिला प्रशासन, ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया (टीआरआई) और ब्लॉक के क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) के बीच त्रिपक्षीय समझौते के तहत संचालित की जा रही है। यह पहल दंतेवाड़ा की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में कार्य करते हुए उनके सपनों और अवसरों के बीच की दूरी को पाटने का प्रयास करेगी।इस अवसर पर विधायक श्री अटामी ने कहा कि दंतेवाड़ा के युवाओं को सही संसाधन और समर्थन प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकें और क्षेत्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकें। यूथ हब को एक ऐसे परिवर्तनकारी स्थान के रूप में देखा जा रहा है, जो युवा आबादी की विविध आवश्यकताओं को पूरा करेगा और साथ ही स्थानीय आजीविका और आत्मनिर्भरता को भी प्रोत्साहित करेगा। यह यूथ हब दंतेवाड़ा में एक मजबूत समर्थन प्रणाली के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। जो जिले की समावेशी विकास और ग्रामीण परिवर्तन की प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करेगा। इस उद्घाटन समारोह में टीआरआईएफ के वरिष्ठ प्रतिनिधि श्री राजीव त्रिपाठी, आजीविका कॉलेज के प्राचार्य श्री कृतेष हिरवानी, शक्ति महिला संकुल संगठन की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नागेश, सचिव श्रीमती सेलमति ठाकुर, श्री मयंक सोनी, (टीआरआई) और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## यातायात पुलिस की चालानी कार्रवाई जारी

**कवर्धा, 9 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय धर्मेंद्र सिंह (छवई) के निर्देश पर यातायात पुलिस कबीरधाम द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है। श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एवं उप पुलिस अधीक्षक के के चंद्राकर के निर्देशन में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री प्रवीण खलखो के नेतृत्व में यह अभियान कवर्धा शहर के सभी आउटर पॉइंट्स पर नियमित रूप से शाम 6ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तथा रात्रि 12ः00 बजे से रात्रि 2ः00 बजे तक चलाया जा रहा है। गत दो दिनों में यातायात पुलिस कबीरधाम ने लगभग 68 मामलों में 27,900 रुपये का चालान किया है। इसके अलावा, एक वाहन चालक के खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने पर इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसमें आरोपी पर 10,000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया।यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

# पक्का मकान मिलने से रामबती और पूरन ने केन्द्र व राज्य शासन का माना आभार

**दंतेवाड़ा, 9 नवंबर ।** अपने सिर पर एक पक्की छत होना हर व्यक्ति का सपना होता है, खासकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। ऐसा ही एक सपना था दंतेवाड़ा जिले के रामबती नाग और पूरन सिंह ठाकुर को था जो बरसों से एक पक्के घर का सपना देख रहे थे। उनके परिवार के लिए बारिश के मौसम में कच्चे घर में रहना हमेशा एक चुनौती रहा। कभी छत से पानी टपकता, तो कभी दीवारें भीगती और ऊपर से जहरीले जीवों का खतरा हर वक्त बना रहता था। इन समस्याओं ने उन्हें अक्सर चिंता और असुरक्षा के घेरे में रखा। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में एक नई रोशनी की किरण लेकर आई। जब इस योजना के तहत पक्के मकान की स्वीकृति मिली, तो यह उनके लिए किसी चमत्कार से कम नहीं था। कुछ ही महीनों के भीतर उनका नया घर बनकर तैयार हो गया। अब इन हितग्राहियों का परिवार बिना किसी डर और चिंता के सुरक्षित और स्थायी घर में रह रहे हैं। अब घर संबंधी तमाम चिंताओं से मुक्त इन परिवारों का कहना है कि अब हमारे पास एक पक्का घर है, जहां हम बारिश और जहरीले जीवों की चिंता किए बिना आराम से रह सकते हैं। मुझे गर्व है कि मैं अब अपने परिवार को एक सुरक्षित वातावरण दे पा रहे है।इस क्रम में हितग्राही रामबती नाग बताती है कि इन हितग्राही भी आप आवेदन एवं पंजीकृत होकर अपना कच्चा मकान पक्का बना सकते है, उन्होंने आवास निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में आगे बताया कि सब से पहले उसने नगर पालिका के सर्वे टीम के माध्यम से अपना नाम सर्वे में जोडकर आवास स्वीकृत कराया। अब उम्र के इस पड़ाव पर मेरा पक्का मकान बनना मेरे लिये अपने पूरे





जीवन की अधूरी इच्छा का पूर्ण होना है अब मुझे अपने परिवार के साथ नई खुशियों एवं उमंगो के साथ अपने पक्के घर में रहकर कोई डर नहीं है, चाहे कितनी भी बारिश हो या तूफान आये मेरे पास तो मेरा खुद का पक्का मकान है। इस पक्के घर मैं ने अपने परिवार मिलकर इस वर्ष दिवाली पर्व भी खुशियों के साथ मनाया है। इसके अलावा दूसरे हितग्राही पूरन सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए बताते है कि जब बस्ती में आवास योजना की चर्चा चली तो उन्होंने सबसे पहले नगर पालिका कार्यालय में जाकर योजना के बारे में पता लगाया तो केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों के लिये इस आवास योजना की जानकारी मिली। जिसमें भारत सरकार एवं राज्य सरकार गरीबों के मकान बनाने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करती है। ओर स्वंय के और नाम मात्र की राशि मिलाकर एवं मकान निर्माण में मजदूरी कर अपने कच्चे घर को पक्का बनाया जा सकता है। इस पर मैंने तुरंत सर्वे में अपना नाम जुड़वाकर इस योजना से अपना कच्चा मकान पक्का बनाने की ठान ली। वर्तमान में मेरा कच्चा मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास बन चुका है। जहां में अपने परिवार के साथ खुशी के पल बिता रहा हूँ। उन्होंने शासन को साधुवाद देते हुए कहा कि मेरा परिवार शासन का शुक्रगुजार है। जिनके प्रयासों से मुझे पक्का घर नसीब हुआ। इसके अलावा नगर पालिका में मेरी पत्नी आजीविका के लिए स्वच्छ भारत मिशन में जोड़कर नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दे रही है और उस मानदेय भी प्राप्त हो रहा है।

इन जरूरतमंद परिवारों को पक्का आशियाना उपलब्ध होना इस योजना की एक महत्ती उपलब्धि है प्रधानमंत्री आवास योजना ने रामबती नाग और पूरन सिंह के समान अन्य लाखों हितग्राहियों के पक्कें मकान का सपना पूरा कर अपनी सार्थकता दर्शाता है। और ये सभी हितग्राही पक्के मकान में रहकर सुख से गुजर बसर कर रहे है।

# पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुंडेरा में बच्चों का भविष्य गढने एवं तराशने का किया जा रहा कार्य

**राजनांदगांव 9 नवम्बर ।** शिक्षा ही वह बुनियाद है जिस पर देश के नौनिहालों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है। इसके दृष्टिगत बच्चों के समग्र विकास के लिए भारत शासन द्वारा प्रारंभ की गई पीएमश्री योजना राजनांदगांव जिले के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में फलीभूत हो रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले में बच्चों के भविष्य को गढ़ने एवं तराशने का कार्य शिद्दत से किया जा रहा है। बच्चों की यह मुस्कान, पढ़ाई के प्रति उनकी लगन एवं स्कूल के खुशनुमा माहौल को बयां करती है। सर्वसुविधायुक्त स्कूल की परिकल्पना यहां सार्थक हुई है। यहां न केवल बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि बच्चों को पीएमश्री पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। पीएम श्री योजना के तहत लगभग 4 लाख 15 हजार रूपए की राशि से पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा का कायाकल्प किया गया। फर्श पर सुन्दर टाइल्स लगाएं गये है तथा दीवारों पर ज्ञानवर्धक खूबसूरत पेटिंग की गई हैं। फर्नीचर एवं आकर्षक साज-सज्जा एवं प्रेरक माहौल से बच्चों को



पढ़ाई के लिए उपयुक्त माहौल मिल रहा है। स्मार्ट क्लास में पढ़ते हुए बच्चों के बौद्धिक स्तर में वृद्धि हुई है। ग्रीन स्कूल की तर्ज पर स्कूल को विकसित किया गया है और स्वच्छ और हरे-भरे वातावरण के लिए पौधे रोपित किए गए हैं।पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में वर्ष 2023 में 82 हजार रूपए का अनुदान प्राप्त हुआ। यहां बच्चों के लिए संगीत, विभिन्न खेल गतिविधियां तथा व्यक्तित्व विकास हेतु अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए वाटर फिल्टर लगाया गया है। स्कूल के प्रधान पाठक श्री भीखम दास साहू ने बताया कि वर्ष 2023 में शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा को पीएमश्री योजना के लिए चयनित किया गया। इस योजना के तहत केन्द्र शासन एवं राज्य शासन से राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग स्कूल में अच्छी तरह से किया जा रहा है। स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उनका स्वास्थ्य जांच भी कराया गया है। इस योजना के लिए चयनित होने के बाद स्कूल में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है।

गौरतलब है कि स्कूल में अभी पहली से पांचवीं तक 109 बच्चे अध्ययनरत है। यहां स्मार्ट क्लास, खेल मैदान, म्यूजिक क्लास रूम, मध्यान्ह भोजन की सुविधा है। इसके साथ ही पीएमश्री मुस्कान पुस्तकालय भी है। यहां दीवारों में उकेरी गई पेंटिग तथा प्रेरक पंक्तियां बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। मिसाईल मैन एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियां एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है, जबकि एक अच्छा दोस्त एक लाईब्रेरी के बराबर होता है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना :नोडल अधिकारियों को अप्रारंभ आवास शीघ्र शुरू कराने के दिए निर्देश



**सुकमा, 9 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में श्रीमती जैन ने वर्ष 2024-25 के तहत स्वीकृत आवासों और पूर्व में लंबित आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।सीईओ ने अप्रारंभ आवासों का निर्माण कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों पर आधारित हों। साथ ही, नोडल अधिकारियों को आवास निर्माण की नियमित निगरानी करने और किसी भी कमी को समय रहते सुधारने के निर्देश दिए गए।बैठक में एसडीएम, तहसीलदार एवं नोडल अधिकारी सहित आवास संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत चूजा वितरण



**सुकमा, 9 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्याल मिनी स्टेडियम सुकमा में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तीरय राज्योत्सव-2024 कार्यक्रम में विकास कार्यों एवं विभागों द्वारा किये गये उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया । इसी कड़ी में पशुधन विकास विभाग के द्वारा किये गये उपलब्धियों के फोटोग्राफ्स, फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा कार्यक्रम में आयें ग्रामीणों को विभाग द्वारा संचालित व्यक्ति मुलक राज्य डेयरी उद्यमिता विकास, बैकयार्ड कुक्कुट व बटेर पालन, अनुदान पर नर-बकरा व सुकरत्रयी व देशी गायों में नस्ल सुधार हेतु शत-प्रतिशत अनुदान पर उन्नत नस्लों के सांड वितरण, पशुपालन केसीसी एवं छत्तीसगढ़ राज्य कुक्कुट पालन प्रोत्साहन आदि योजनाओं को जानकारी दे कर लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।पशुधन विकास विभाग के स्टॉल में राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी और अन्य जनप्रतिनिधिगण का पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक डॉ. सुमेर सिंह जगत के द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत कर विभाग के द्वारा किये जा रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी दिया गया तथा उपलब्धियों के फोटोग्राफ्स, फ्लेक्स एवं कृत्रिम गर्भाधान में प्रयुक्त उपकरणों तथा पशुपालकों को निशुल्क वितरण हेतु स्टॉल में लगाये गये पशु औषधियों का मुख्य अतिथि द्वारा अवलोकन कर जिले में पशुधन के सरंक्षण एवं संवर्धन में किये जा रहे कार्यों एवं सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय निकायों में चलित पशु चिकित्सा इकाई वाहन के माध्यम से पशुपालकों को मिल रही सुविधाओं के लिए प्रशंसा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में हितग्राही मुलक योजनाओ का लाभ देने बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना वर्ष 2024-25 के तहत 10 चयनित महिला हितग्राहियों को मुर्गीपालन हेतु 5 यूनिट आर.आई.आर. नस्ल के चूजें एवं बटेर पालन हेतु 5 यूनिट व्यस्क बटेरों का मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे और अन्य जनप्रतिनिधिगण ने कर कमलो से प्रदाय किया गया।प्रदर्शनी एवं कार्यक्रम को बनाने में विभाग से डॉ. उमेश कुमार बघेल, डॉ. भूपेंद्र बघेल, डॉ. सुर्यकांत शोरी, डॉ. ज्योति बघेल, डॉ. टेकेश्वर कंवर, डॉ. अंबिका नेगी, एम.वी.यू. के डॉ. रम्या के योगदान एवं. कु. नेहा चौहान, कु. गुलेश्वरी धनेलिया श्री तुलसी कश्यप ए.व्ही.एफ.ओ., श्री भगत सिंह सेठिया, सुखराम मरकाम, बी. प्रकाश राव, विजय नेताम, सुमरन कश्यप, शेखर विश्वास, मड़कामी हूँगाराम, गुड्डीराम, पवन कुमार बघेल, संतोष कुमार यादव, माड़वी प्रमोद, दिनेश मंडावी, वेको मंगडू, कु. सपना चौधरी ए. व्ही. एफ.ओ.. मोबाईल वेटन।

## एकलव्य बालिका छात्रावास की छात्रा गर्भवती, घर से लौटी थी हॉस्टल, मेडिकल जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव

**सुकमा, 9 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**सुकमा जिले में एकलव्य आदिवासी बालिका छात्रावास में रहकर पढ़ने वाली 12वीं की एक छात्रा गर्भवती हो गई है। बताया जा रहा है कि ये छुट्टी पर घर गई हुई थी, जब हॉस्टल लौटी तो मेडिकल टेस्ट करवाया गया। जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। अब छात्रावास प्रबंधन ने छात्रा को उसके घर भेज दिया है।बताया जा रहा है कि दशहरा और दिवाली की छुट्टियां खत्म होने के बाद छात्रा 5 नवंबर को छात्रावास लौटी थी।एकलव्य बालिका छात्रावास की अधीक्षिका ने जानकारी देते हुए बताया कि कि लंबी छुट्टी से लौटने वाली छात्राओं का मेडिकल टेस्ट कराना अनिवार्य होता है। इसी प्रक्रिया में छुट्टी से छात्रावास लौटी छात्राओं का मेडिकल टेस्ट करवाया गया था, जिसमें एक के गर्भवती होने की जानकारी मिली।जैसे ही रिपोर्ट पॉजिटिव आई हमने छात्रा को उसके घर भेज दिया है। उन्होंने कहा कि छात्रा छुट्टी के दरमियान ही प्रेग्नेंट हुई है।

## धान खरीदी के पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एपीसी ने ली बैठक

**कांकेर,9 नवम्बर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत आगामी सोमवार 14 नवम्बर से प्रदेश सहित बस्तर संभाग एवं कांकेर जिले के 149 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। इसकी आवश्यक प्रशासनिक एवं विभागीय तैयारियों को लेकर आज खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव सुश्री ऋचा शर्मा ने बस्तर संभाग के कमिश्नर श्री डोमन सिंह एवं बस्तर संभाग के सभी कलेक्टरों व खाद्य, विपणन, नागरिक आपूर्ति निगम, कृषि, मंडी, सहकारिता, अपेक्स बैंक के प्रमुख अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्हांने बैठक में 14 नवम्बर से पूर्व उपार्जन केन्द्रवार आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की मैदानी स्तर पर तैयारियों की समीक्षा एजेण्डावार नये तथा पुराने बारदाना व्यवस्था, किसानों का भुगतान, किसान पंजीयन की स्थिति, धान खरीदी का आंकलन, धान, चांवल रिसाइकलिंग रोकने हेतु प्रयास तथा संवेदनशील खरीदी केन्द्रों की पहचान, विशेष जांच दल का गठन, चेक पोस्ट, त्रुटिपूर्ण रकबा एन्ट्री सहित ट्रायल रन, मिल पंजीयन, मिलिंग प्लान, गोदामों की उपलब्धता, रैकमूव्हमेंट, संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था और खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में चावल उपार्जन की स्थिति, समिति मिलान की स्थिति पर विस्तृत चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए।इस अवसर पर मार्कफेड के प्रबंध संचालक श्री रमेश शर्मा, संयुक्त सचिव खाद श्री शिकरवार, संयुक्त सचिव खाद श्री राजीव जायसवाल, महाप्रबंधक अपैक्स, भारतीय खाद निगम के सहायक प्रबंधक, कृषि उपज मण्डी समिति बोर्ड के महाप्रबंधक सहित बस्तर संभाग के सभी जिले के कलेक्टर्स, जिला खाद्य अधिकारी, डीएमओ, जिला विपणन अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### महासमुंद में खरीफ फसल 2024-25 के लिए गिरदावरी सत्यापन कार्य जारी

**महासमुंद, 9 नवंबर।** खरीफ फसल 2024-25 के अंतर्गत किसानों द्वारा लगाए गए धान फसल की गिरदावरी का सत्यापन कार्य जोर-शोर से चल रहा है। जिले में कलेक्टर सहित अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा खेतों में जाकर गिरदावरी कार्य की पुष्टि की जा रही है ताकि किसानों को सही समय पर उचित सहायता और समर्थन उपलब्ध कराया जा सके। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुद्धता लाने के उद्देश्य से, पटवारियों द्वारा की गई गिरदावरी की सटीकता का मूल्यांकन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने दो दिवस के भीतर चयनित खसरा प्रविष्टियों का सत्यापन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।

सरकार ने फसल गिरदावरी और सत्यापन के लिए जीपीएस आधारित मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग किया है। इसके पहले, संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया था ताकि वे इस तकनीक का सही इस्तेमाल कर सकें। इस तकनीकी प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य खेतों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना है, जिससे राज्य को सटीक आंकड़े मिल सकें और कृषि नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।सत्यापन प्रक्रिया के तहत, अधिकारी खेतों का दौरा कर रहे हैं और फसल की गुणवत्ता, भूमि की स्थिति, और उत्पादन की संभावनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में तहसीलदार बसना ममता ठाकुर द्वारा सरायपाली तहसील के ग्राम हरदासरार में भौतिक सत्यापन का कार्य संपन्न किया गया। इस कार्य में हर स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों और पटवारियों को भी शामिल किया गया है। सभी जनपद सीईओ को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय तक यह सत्यापन कार्य पूर्ण हो जाए। इस सत्यापन कार्य से एक ओर जहां किसानों को लाभ होगा, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार को सटीक और वास्तविक डेटा प्राप्त होगा।

### जिले से मजदूरों का पलायन रोकने कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**महासमुंद, 9 नवंबर।** जिले में मजदूरों द्वारा अधिक मजदूरी की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जानकारी के अनुसार मजदूर अधिक आय की उम्मीद में बाहरी राज्यों की ओर जा रहे हैं। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि वे पलायन को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिवों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पलायन करने से पहले सभी श्रमिकों का पूरा विवरण पलायन पंजी या विभागीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करवाएं।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि श्रमिकों को बिना विवरण दर्ज किए पलायन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में पत्र के माध्यम से निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही, जन जागरूकता के लिए मुनादी और अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए गए हैं। सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया है।

### अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 11 नवंबर को

**महासमुंद, 9 नवंबर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महासमुन्द में 11 नवंबर 2024 को सुबह 9 बजे से अप्रेन्टिसशीप मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा देना है और आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार के अवसर प्रदान करना है।प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि मेले में जिले के समस्त उद्योग और प्रतिष्ठान अप्रेन्टिसशीप एवं प्लेसमेंट के लिए भाग लेंगे। उद्योग/प्रतिष्ठानों का पंजीयन 222.ड्डश्चश्चह्म्द्गठ्ठ-ह्लद्बष्द्गह्यद्धद्बश्च.द्द्श1.द्बठ्ठ पोर्टल पर किया जा सकता है, जिससे अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर मिल सकें। अप्रेंटिसशिप के लिए इच्छुक आईटीआई उत्तीर्ण युवा अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे से संस्थान में उपस्थित हो सकते हैं। इस अवसर पर मेले में स्पॉट पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे प्रशिक्षार्थी और उद्योग आसानी से पंजीयन कर सकते हैं। यह मेला युवाओं को उनके कौशल के अनुसार बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। अधिक जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, महासमुंद के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### हायर एजुकेशन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर

**महासमुंद 9 नवंबर।** शासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दिव्यांगजन केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना में प्री-मैट्रिक (कक्षा 9वीं और 10वीं), पोस्ट-मैट्रिक (कक्षा 11वीं और 12वीं), और टॉप क्लास हायर एजुकेशन (आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्नातक चिकित्सा, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक पाठ्यक्रम, स्नातक और पीएचडी) के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह ने बताया कि इस योजना के लिए आवेदक का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। विद्यार्थी का 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता होनी चाहिए। आवेदक द्वारा पिछली परीक्षा उत्तीर्ण की होनी चाहिए। योजना के लिए आय सीमा प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पालक/अभिभावक की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 2.5 लाख रुपये निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि प्री-मैट्रिक केन्द्रीय छात्रवृत्ति, पोस्ट-मैट्रिक केन्द्रीय छात्रवृत्ति एवं टॉप क्लास हायर एजुकेशन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर है तथा तीनों प्रकार के छात्रवृत्ति की वेरिफिकेशन के लिए 30 नवम्बर 2024 तक की तिथि निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://scholarship.gov.in पर किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र को ऑनलाइन करने के बाद, उसे अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य या प्राचार्य से सत्यापित कराना अनिवार्य है।

# गरियाबंद जिला में भारत स्काउट्स गाइड्स का 75वाँ वर्षगांठ मनाया गया






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम -फिंगेश्वर, 9 अक्टूबर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी,जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं आशीष साहू डी ओ सी स्काउट सीमा साहू डी ओ सी गाइड के नेतृत्व में भारत स्काउटस एवं गाइडस के 75 वाँ वर्षगांठ के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा कार्यक्रम का आयोजन बाबा कुटी (फिंगेश्वर)में संत गोवर्धन शरण व्यास (संचालक सिरकट्टी आश्रम कुटेना पाण्डुका) के मुख्य आतिथ्य एवं संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड गरियाबंद, जिला मुख्य आयुक्त बैसाखू राम साहू, जिला पूर्व मुख्य आयुक्त डॉ रामकुमार साहू जिला उपाध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे,जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,आजीवन सदस्य संजीव चंद्राकर, समाज सेवी रामू साहू, नूतन साहू बोधन साहू (पूर्व टी आई)कमल सिन्हा मंडल अध्यक्ष, डाली साहू पूर्व सरपंच कोपरा, विश्राम निषाद पूर्व सरपंच परसदा कला के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा मंदिरों में देवपूजन व दीप प्रज्जवलित के साथ किया गया. तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत स्कार्फ लगाकर किया गया.तत्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोवर्धन शरण व्यास ने कहा कि असफलता सफलता प्रथम सीढ़ी है. मनुष्य को सकारात्मक सोच रखते हुए कार्य करना चाहिए जिससे निश्चित सफलता मिलती है. उन्होंने सफलता के चार सिद्धांत संयम,सदाचरण, स्वाध्याय एवं सेवा को आत्मसात करने की बात कही.जिला अध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने कहा कि स्काउट गाइड शिक्षा, संस्कार एवं संस्कृति को चरितार्थ करती है. आप सभी स्काउटिंग गाइडिंग की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेकर शाला एवं जिला का नाम रोशन करें. पुष्पा साहू ने कहा कि सेवा भावना स्काउट गाइड का मुख्य कार्य है.आप सभी त्याग, समर्पण और निस्वार्थ भावना के साथ कार्य करते हुए अनुशासित होकर मानवता का परिचय जरूर देवें. डॉ रामकुमार साहू ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है. क्यूंकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है. हमें अनुशासित होकर कार्य करना चाहिए जिससे सफलता प्राप्त हो सके. बैसाखूराम साहू ने कहा कि जीवन में समय एवं अनुशासन दोनों का बहुत महत्व है. स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों में सभी विद्यालय के बच्चे बढ़ चढ़कर जरूर भाग लेवें. मधुबाला रात्रे ने कहा कि स्काउट विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए हमें जीवन जीने की कला सिखाती है. चंद्रशेखर साहू ने कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति है ऐसे मौके पर एकजुटता बहुत जरूरी है.क्योंकि सफलता के लिए कठिन परिश्रमों की जरूरत होती है. रामू साहू ने कहा कि आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है. हमें प्रत्येक कार्य धैर्य, लगन और ईमानदारी के साथ करना चाहिए. वहीं संजीव चंद्राकर, बोधन साहू, नूतन साहू, डाली साहू एवं विश्राम साहू ने स्काउट गाइड की स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए अपने विचार व्यक्त किए.कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में ध्वज शिष्टाचार कार्यक्रम हुआ. वहीं कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया.इस अवसर पर ब्लाक सचिव एस एस कंवर,प्रेमलाल साहू, टेक्निकल प्रभारी चैतन्य यदु, जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू,गिरवर यादव, सुनील देशलहरा, दुष्यंत वर्मा,नकुल राम साहू,छन्नू लाल पटेल, दीप साहू, गीतांजलि सिन्हा, उत्तरा साहू,ईश्वर मालाकार,नकेश्वरी साहू, हरिश्चन्द्र साहू, संतोष ध्रुव,उग्रसेन यादव, परमानन्द यादव, हीरा राम हिरवानी,ओंकार साहू एवं जिले के लगभग दो सौ स्काउट गाइड, रोवर रेंजर एवं स्काउटर गाइडर उपस्थित थे।

## बिजली विभाग के अफसर ने कराया न्यौता भोज



**बीजापुर, 9 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्यौता भोज का आयोजन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मागदर्शन में जिले के अधिकारी द्वारा विभिन्न स्कूलों में किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यपालन अभियंता छ0ग0रा0वि0वि0क0 बीजापुर श्री डीआर उर्वासा द्वारा भैरमगढ़ ब्लाक के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला केतुलनार पहुंचकर केला, सेवफल, संतरा, एवं चाकलेट वितरण कराया और बच्चों के साथ बैठकर न्यौता भोजन में शामिल हुए। इस दौरान बच्चों में उत्साह देखने को मिला स्कूली बच्चे अपने पढ़ाई सहित अन्य विषयों पर अधिकारी से चर्चा भी किए। वहीं कार्यपालन अभियंता श्री उर्वसा ने बताया कि बच्चों के साथ बैठकर भोजन करने और उनसे बात-चीत करने का अच्छा अनुभव भी मिलान्यौता भोज योजना छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, शासन के निर्देशानुसार इस योजना के तहत मध्यान्ह भोजन के साथ ही पुरक पोषण सामग्री के रूप में कोई भी व्यक्ति, संस्था, अधिकारी-कर्मचारी अथवा गणमान्य नागरिक एवं दान दाता विशेष पर्व, विवाह, वर्षगाठ एवं अन्य सामान्य दिनों में भी बच्चों को न्यौता भोज करा सकता है।इस योजना से बच्चों को मिलने वाले पोषक तत्वों में बढ़ोतरी होगी, शाला एवं समुदायों में आपसी तालमेल बढ़ेगा, समस्त में अपने पन की भावना विकसित होगी, बच्चों एवं समाज में आपसी तालमेल बढ़ेगा, बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी।

## अब तक 3 वर्दीधारी पुरुष माओवादियों के शव बरामद



**बीजापुर, 9 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के उसूर-बासागुड़ा-पामेड़-तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना प्राप्त होने पर सर्चिंग अभियान पर DRG/STF/CoBRA/CRPF संयुक्त पुलिस पार्टी रवाना हुई थी। उक्त अभियान में सर्चिंग के दौरान दिनांक 08.11.2024 के करीबन सुबह 11 बजे से लगातार रेखापल्ली- कोमटपल्ली के जंगलों-पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के पश्चात् घटना स्थल में सुरक्षा बलों द्वारा सर्चिंग के दौरान 03 वर्दीधारी पुरुष माओवादियों का शव एवम 01 नग SLR Rifle , 01 नग Sniper Weapon, 01 नग 12 Bore Rifle , 02 नग भरमार रायफल सहित अन्य आर्म्स एम्युनेशन आदि भी बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में मारे गये 03 वर्दीधारी पुरुष माओवादियों की शिनाख्तगी की कार्यवाही की जा रही है। मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्च अभियान जारी है।

## राष्ट्रीय स्तर पर चयनित कबड्डी खिलाड़ियों को कलेक्टर ने जीत के लिए दी शुभकामनाएं



**बीजापुर, 9 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 24वीं राज्य स्तरीय कबड्डी शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बिलासपुर में 21 सितम्बर 2024 से 24 सितम्बर 2024 तक आयोजित हुआ जिसमें अंडर 17 बालिका वर्ग बस्तर की टीम प्रथम स्थान पर रहा जिसमें बीजापुर कस्तूरबा गांधी के छात्रा शामिल थे झरना उर्षा, निर्मला ताती का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है जिसका आयोजन नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में 16 नवम्बर 2024 से 20 नवम्बर 2024 तक होना है। अंडर 19 बालिका वर्ग में प्रियंका मंडावी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है जिसका आयोजन 07 दिसम्बर 2024 से 11 दिसम्बर 2024 तक भिवानी हरियाणा में आयोजित होना है ये सभी खिलाड़ी को बीजापुर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जीत की अग्रिम बधाई दी इस अवसर पर बीजापुर खेल अकादमी के जिला प्रभारी अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल एवं जिला मिशन समन्वयक एमव्ही राव उपस्थित थे।

## नवविवाहित महिला ने फांसी लगाकर दी जान, पति व ससुर गिरफ्तार



**राजिम- फिगेश्वर।** फिगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम लचकेरा में एक नवविवाहित महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने आरोपी ससुर और पति को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि लचकेरा गांव में रहने वाली 25 वर्षीय नेहा यादव ससुर द्वारा छेड़छाड़ से परेशान होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी वहीं शव के पास पुलिस को सुसाईड नोट भी मिला है जिसमें मृतका ने लिखा है कि ससुर जबरदस्ती छेड़छाड़ करता था। मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र का है।

साड़ी का फंदा बनाकर लगाई फांसी- मिली जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम लचकेरा निवासी गिरधारी यादव ;26 वर्षद्ध की शादी 3 महीनें पूर्व सामाजिक रीति.रिजाज से नेहा यादव के साथ हुई थी। 6 नवंबर की शाम नेहा ने अपने घर के छत पर लगे हुक से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि नेहा यादव लोमष मानिकपुरी के खेत में धान कटाई करने गई थीए जो शाम करीब 4ण्30 बजे घर लौटी। नेहा का पति गिरधारी निजी काम से दूसरे गांव चला गया। शाम 7 बजे घर लौटाए तो दरवाजा अंदर से बंद था।उसने अपने पत्नी को आवाज लगाईए घर का दरवाजा भी खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। अनहोनी की आशंका में पति ने गांव के सरपंच और कोटवार को बुलाकर दरवाजा तोड़कर घर के अंदर पहुंचेए तो नेहा की लाश फंदे पर लटक रही थीघटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाया। जांच के दौरान पुलिस को मृतिका के पास से एक सुसाईड नोट मिला। जिसमें महिला ने ससुर विष्णु यादव और पति गिरधारी यादव पर प्रताड़िता करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्ट के लिए भिजवा दिया।

ससुर विष्णु यादव मृतका के उपर रखते थे गंदी नजर-पुलिस ने परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ की। सुसाइड नोट में पता चला कि ससुर विष्णु यादव उसकी इज्जत लूटना चाहता था। इस बात की जानकारी उसके पति गिरधारी को भी थी। लेकिन पिता के आदतों को जानने के बावजूद पति कुछ नहीं करता था। इन बातों से परेशान होकर महिला ने आत्महत्या कर ली है। मामले में फिंगेश्वर पुलिस ने मृतका के ससुर विष्णु यादव और पति गिरधारी यादव के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप में धारा 108ए 3;5द्ध बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### अवैध शराब के विरूद्ध की गई छापामार कार्रवाई



**धमतरी, 9 नवम्बर।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आबकारी अमले द्वारा जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में नगरी ब्लॉक के ग्राम सलोनी में बीते दिनों आबकारी अमला द्वारा छापामार कार्यवाही की गईं। इस दौरान मानिक (मानू) मानिकपुरी के रिहायशी मकान में 10 लीटर अवैध महुआ शराब धारण करते पाया गया, जिस पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण क़ायम कर मानिक मानिकपुरी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। वहीं नगरी से लगे जंगल में छापामार कार्यवाही करते हुए 38 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया तथा महुआ शराब बनाने के लिए रखे लगभग 4500 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। साथ ही अज्ञात आरोपी के खिलाफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा ने बताया कि यह कार्यवाही आबकारी विभाग तथा पुलिस थाना केरेगांव के स्टॉफ ने संयुक्त रूप से की। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रद्युम्न नेताम, आबकारी उप निरीक्षक श्री पुरुषोत्तम सिंन्हा सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत मिड़ते हर घर जल गांव घोषित

**बीजापुर, 9 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय से लगभग 20 कि.मी. दूरी पर ग्राम मिड़ते स्थित है, ग्राम मिड़ते में 83 परिवार निवासरत है। ग्राम में 18 हैण्डपंप स्थापित है और इन्हीं हैण्डपंपों के माध्यम से इन ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा प्राप्त होती रही है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम में 03 सोलरों के माध्यम से ग्राम में निवासरत 353 लोगों को घर पर ही शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम मिड़ते को ग्रामसभा के माध्यम से सरपंच श्री श्रीमती रंजना वासम एवं सचिव जनकैया पोंदी और ग्रामवासी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू के उपस्थिति में हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया।

# राशन कार्ड के हजारों आवेदन पेंडिंग, चक्कर काट रहे गरीब हितग्राही:विनोद चंद्राकर



**महासमुंद, 9 अक्टूबर।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि पात्र हितग्राहियों का राशन कार्ड न बनाकर अपात्र लोगों का राशन कार्ड रूपए लेकर हाथों-हाथ बनाया जा रहा है। महासमुंद जनपद में विगत दिनों फर्जी तरीके से रूपए लेकर राशन कार्ड बनाए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद भी इस कार्य में संलिप्त लोगों पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे राशन कार्ड के अवैध धंधे में लिप्त दलालों व कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं। विगत 6-6 माह से हजारों आवेदन जनपद के खाद्य शाखा में पेंडिंग पड़े हुए हैं। हितग्राही राशन कार्ड के लिए चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन, उन्हें राशन कार्ड नहीं दिया जा रहा। वहीं, दलाल व संलिप्त लोगों द्वारा रूपए की मांग की जा रही है। जो रूपए देने में सक्षम हैं तथा 3 से 5 हजार रूपए दे रहे हैं, उनका राशन कार्ड हाथों-हाथ मिल रहा है। यह स्थिति जिले के समस्त जनपदों व निकायों में व्याप्त है। पैसे दो और कार्ड लो का खेल चल रहा है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई जाँच व कार्रवाई नहीं होना खाद्य शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत को भी इंगित कर रहा है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि 2 माह पूर्व उन्होंने कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले में जाँच कर दोषियों को राशन कार्ड के कार्य से हटाने की मांग कर पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राशन कार्ड प्रदान करने का निवेदन किया था। लेकिन, आज तक इस प्रकरण में जाँच, कार्रवाई नहीं हुई है। कई हितग्राहियों ने बताया कि 6 माह पूर्व से राशन कार्ड के लिए आवेदन किए हैं, जो भी दस्तावेज मांगे गए हैं, उन्होंने दी है। दस्तावेज पूर्ण होने के बाद भी 6 माह से उनका आवेदन लंबित होना समझ से परे है। वहीं, जो लोग पैसे दे रहे हैं, उनका आवेदन आज जमा हो रहा है और सप्ताह भर के भीतर ही राशन कार्ड प्राप्त हो जाता है।चंद्राकर ने कहा कि जिला महासमुन्द में लगातार कुछ व्यक्तियों द्वारा हितग्राहियों से पैसा लेकर फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनाये जा रहें हैं। खासकर महासमुन्द जनपद में संबंधित अधिकारियों द्वारा 3000 से 5000 रू. तक लेकर बिना पात्रता के राशन कार्ड बनाये जा रहें हैं। तथा जो हितग्राही पात्र हैं लेकिन संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को पैसा नहीं दे रहें हैं। उनके राशन कार्ड पृथक करने या नया बनाने में हीला-हवाला किया जा रहा है। जिससे गरीब वर्ग के हितग्राहियों में आक्रोश व्याप्त है। श्री चंद्राकर ने कहा कि संयुक्त परिवार से पृथक राशन कार्ड बनाये जाने में नियमों को दरकिनार कर राशन कार्ड पृथक बनाये जा रहें है। परिवार के एकलौते पुत्र जो राशन कार्ड में सहभागी हैं, नियमानुसार माता-पिता से पृथक राशन कार्ड एकलौते पुत्र का नहीं बनाया जा सकता। लेकिन जनपद पंचायत महासमुंद में बनाया जा रहा है, जो आपत्ति जनक है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार राशन कार्ड बनाने के लिये बिचौलिये संपर्क कर रहें हैं। अत्याधिक हितग्राहियों से राशि लेकर सीधे जनपद पंचायत में आकर राशन कार्ड तत्काल बनवा लेते हैं परिणाम स्वरूप जिला प्रशासन की छवि लगातार धूमिल हो रही है। कुछ बिचौलियों द्वारा संबंधित शाखा एवं अधिकारी के माध्यम से राशन कार्ड हेतु गोपनीय आई.डी., पासवर्ड प्राप्त कर स्वयं राशन कार्ड च्वाईस सेंटरों के माध्यम से बना रहें हैं। इस तरह की शिकायत लगातार मिल रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि गरीब पात्र हितग्राहियों के साथ अन्याय हुआ तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी, गरीबों के हक व अधिकार के लिए सड़क की लड़ाई लड़ने विवश होंगे।

## कलेक्टर नम्रता गांधी सहित अधिकारियों ने फसल गिरदावरी के कार्य का किया निरीक्षण

**धमतरी, 9 नवम्बर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में फसल गिरदावरी कार्य किया जा रहा है। इसके तहत आज कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी सहित अधिकारियों ने फसल गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आज जिले के ग्राम भोयना, जंवरगांव, अरौद और मथुराडीह के खेतों में उतरकर गिरदावरी सत्यापन किया। साथ ही उन्होंने पटवारी द्वारा संधारित अभिलेखों का मौके पर जांच किया। इस मौके पर कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य को विशेष सावधानी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।गौरतलब है कि जिले में पटवारियों द्वारा गिरदावरी कार्य किया गया और भुंईयां सॉफ्टवेयर में अपलोड किया गया। इसके बाद पटवारी द्वारा संपादित गिरदावरी कार्यों की भौतिक सत्यान हेतु तहसील स्तरीय गिरदावरी सत्यापन दल तैयार कर एप्प के माध्यम से सत्यापन करने हेतु आईडी और पासवर्ड दी गई। तहसील स्तर पर 290 अधिकारियों, कर्मचारियों का दल नियुक्त किया गया है। जिले के कुल खसरों में से अधिकांश का सत्यापन दल द्वारा रेंडमली सत्यापन कर लिया गया है। तहसील स्तरीय सत्यापन दल द्वारा सत्यापित खसरों में 5 प्रतिशत खसरों का पुनः जिला स्तरीय गिरदावरी सत्यापन दल द्वारा ऑनलाईन एप्प के माध्यम से सत्यापन करने 116 अधिकारियों का चयन कर आईडी/पासवर्ड दिया गया, जिसमें 476 खसरे थे।

## एक नजर

### मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज को मिली नई प्राचार्य



**बलौदाबाजार, 9 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 6 नवंबर को शासकीय मिनीमाता डिग्री गर्ल्स कॉलेज में डॉ.श्रीमती वासु वर्मा ने राज्य शासन के आदेशों के परिपालन में प्राचार्य के पद पर कार्य भार ग्रहण किया है। शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़, शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव और शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर तक 38 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा पूर्ण कर डा. वासु वर्मा ने आज़ प्राचार्य का पद प्राप्त किया है। डॉ वासु वर्मा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में गृह विज्ञान संकाय की डीन थीं।आप कार्य परिषद एवं बोर्ड ऑफ स्टडीज की मेंबर के रूप में भी कार्य की हैं। उनके निर्देशन में 19 शोधार्थियों ने अपना शोध कार्य पूर्ण कर पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त की है। उनके उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली एवं सेवा कार्यों से विद्यार्थियों के जीवन में न केवल शैक्षणिक अपितु नैतिक मूल्यों का भी संचार किया है। लगभग 18 वर्षों तक राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्य किया है। डॉक्टर वासु वर्मा को नई प्राचार्य के रूप में पाकर मिनीमाता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर कल्पना उपाध्याय, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गण, जनभागीदारी समिति के सदस्यों एवं छात्राओं ने गर्मजोशी से उनका आत्मीय स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

### उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए 15 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 9 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत रवान, ढेबी, नवरंगपुर तथा कोसमसरा-ब के उचित मूल्य दुकान आबंटन के लिए 15 नवंबर तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)-गिरौद में आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी( राजस्व) गिरौद कार्यालय के खाद्य शाखा में निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज सहित इच्छुक संस्थाएं यथा प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समितियां, स्व सहायता समूहें व अन्य पात्र संस्थाएं कार्यालयीन दिवस में स्वयं उपस्थित होकर संचालन के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदनकर्ता संस्थाओं का पंजीयन विज्ञापन तिथि से 03 माह पूर्व का पंजीयन होना अनिवार्य है।आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### एक वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 9 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी सचिन्द्र सोनी कनिष्ठ अभियंता भाटापारा ने 30 अगस्त 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना 28-29 अगस्त 2023 के मध्य रात्रि कोई अज्ञात चोर 2 ट्रांसफार्मर का लाईन को काटकर ट्रांसफार्मर के अंदर का एल्युमीनियम तार वजनी 200 किलोग्राम कीमती 20,000 को चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी करहीबाजार में अपराध क्र 651/2023 धारा 379, 411, 120क्र 34 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। कि प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा पूर्व में आरोपीगण 01. लालाराम केवट उर्फ भगत केवट उम्र 26 वर्ष, 02. अमर बाबुवानी उर्फ कुंदन उम्र 24 वर्ष, 03. सुमन जांगड़े उम्र 21 वर्ष, 04. बिरेंद्र सिंह जांगड़े उम्र 29 वर्ष, 05. टार्जनवानी उर्फ टीपुवानी उम्र 18 वर्ष, 06. राज आर्यनवानी उर्फ खेखड़ा उम्र 18 वर्ष 6 माह सभी निवासी रिस्दा थाना बिल्हा जिला बिलासपुर एवं 07. जितेंद्र वागले उम्र 29 वर्ष साकिन मोहभट्टा थाना बिल्हा जिला बिलासपुर को दिनांक 18.01.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था, किंतु प्रकरण में एक आरोपी शेख फारूक फरार था। कि प्रकरण में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा आरोपी शेख फारूक को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर एवं उसमें लगे तार आदि चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी से 20, 000 कीमत मूल्य का, एल्युमीनियम तार वजनी 200 किलोग्राम बरामद किया गया है। प्रकरण में आरोपी को 7 नवम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में की घोषणा

# बलौदाबाजार में खुलेगा बीएड कालेज, बनेगा ट्रांसपोर्ट नगर

- साय ने 60 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत के अनेक विकास कार्यों का किया भूमि पूजन-लोकार्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 नवंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण करते हुए बलौदाबाजार में बीएड महाविद्यालय खोलने और ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए 60 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इन कार्यों में से 32 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद कमलेश जांगड़े और विधायक गुरू खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों में से 2100 हितग्राहियों को आवास के स्वीकृति पत्र एवं 51 हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी। उन्होंने जिले में संचालित ''हम होंगे कामयाब अभियान'' के अंतर्गत 51 युवाओं को सम्मान पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में किसानों ने 3100 रूपए प्रति क्विंटल तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री साय को धान से भरे टुकनी एवं पर्रा भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद आज पहली बार धार्मिक एवं औद्योगिक नगरी बलौदाबाजार पहुंचा हूं। यहाँ मुझे आत्मीय सम्मान मिला जिसके लिए मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार संतो, गुरुओं और वीरों की धरा है। अनेक पंथ और आस्था को मानने वाले लोग सौहार्दपूर्वक रहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इस जिले क़ा निर्माण किया तब से विकास के पथ पर अग्रसर है।हमारी सरकार पिछले 10 महीने में लगातार प्रदेश एवं प्रदेश के लोगों के हित में मोदी की गारंटी के तहत कार्य कर रही है। हम छत्तीसगढ़ को तीव्र गति से विकास पथ पर आगे ले जाना चाहते हैं जिसके लिए आप सब आपसी भाईचारा, प्रेम, सद्भाव और विश्वास बनाए रखें। हमने औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने में तेजी लाने के लिए नई औद्योगिक नीति बनाई है। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है जिसमें से 8 लाख 42 हजार आवासों की स्वीकृति केंद्र सरकार से भी मिल गई है। महतारी वंदन योजना से हर माह महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये अंतरित हो रहा है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये में खरीद रहे हैं। इस वर्ष 14 नवम्बर से धान खरीदी होगी। इसके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है ताकि किसनों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बलौदाबाजार -भाटापारा जिला का निर्माण किया तब से बलौदाबाजार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नर को नारायण सेवा मानकर प्रदेश के लोगों की सेवा कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के मार्ग पर चलते हुए अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं क़ा लाभ पहुंचा रहे हैं।कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी तथा लोक संस्कृति के संरक्षण की दिशा में डबल इंजन की सरकार द्रुत गति से काम कर रही है जिससे प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि व्याप्त है। कार्यक्रम को पूर्व संसदीय सचिव डॉ सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल साहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।



#### मुख्यमंत्री ने जिले को दिए विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

- मुख्यमंत्री साय ने जिले में 60 करोड़ 20 लाख 21 हजार रूपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन
- कुल 32 करोड़ 32 लाख 12 हजार रूपए के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ 88 लाख 09 हजार रूपए के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों में से 2100 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं 51 हितग्राहियों को सौंपें घर की चाबी
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्रति आवास के लिए 1 लाख 20 हजार रूपये के साथ ही मननरेगा से 90 दिनो की मजदूरी 21, 870 रूपये एवं स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय हेतु 12 हजार रूपये खर्च किए जा रहे है। इस तरह प्रति आवास 1 लाख 53 हजार 870 रूपये दिया जा रहा है।
- आज इस तरह कुल 2100 आवास के लिए कुल 32 करोड़ 31 लाख रूपये का भूमिपूजन किया गया है।
- हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत 51 युवाओं को दिया सम्मान पत्र।
- किसानों ने धान खरीदी हेतु मुख्यमंत्री जी को धान से भरे टुकनी एवं पर्रा किए भेंट।

### सीएम का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के ऐतिहासिक दशहरा मैदान में आयोजित दीपावली मिलन एवं लोकार्पण शिलान्यास समारोह में पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्थानीय हैलीपैड में आत्मीय स्वागत किया गया।हैलीपेड में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चितावर जायसवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, आरंग विधायक खुशवंत साहेब भी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अहिल्याबाई होलकर को याद किया



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 9 नवंबर।** नगर के नगरपालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा पुण्य श्लोक माता अहिल्या बाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से हुआ। इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में विवेकानंद निर्मलकर ह्ह्यह्य जिला प्रचारक, कुणाल ठाकुर अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समिति के बलौदाबाजार जिला के सदस्य एवं समाजिक कार्यकर्ता, विनय ठाकुर अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समिति के जिला सचिव एवं समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने वक्तव्य के माध्यम से अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके समाज सुधार और पर्यावरण के विषय में किए गए कार्यों को छात्राओं को अवगत कराया। नगरपालिका कन्या विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र जोशी ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए अहिल्या बाई होलकर के जीवन से संबंधित धार्मिक पक्षों से छात्राओं का परिचय करवाया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष सोमेश सिन्हा ने काव्य पाठ द्वारा अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री राजीव मिरझा ने संगठन के विषय में छात्राओं को संबोधित किया एवं कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन किया।

उपरोक्त कार्यक्रम में नगरपालिका कन्या विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### बाबूजी फाउंडेशन ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाई दिवाली



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 9 नवंबर।** बाबूजी फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा इस दीपावली जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंचकर खुशियां बाटी जिसमें मिठाई, सोनपापड़ी, रंगोली, पाप सुरसुरी फुलझड़ी फटाके, आदि का वितरण किया गया। बच्चों में पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि जानकारी लेना शिष्टाचार की अनेक बातें बताना भारत माता की जय, लक्ष्मी मैया की जय, का उद्घोष करा कर दीपावली की शुभकामनाएं बधाई दिया गया।

फाउंडेशन के संचालक महोदय बाबू तोरण साहू ने कहा अगर इंसान को परमात्मा ने सामर्थवान बनाया है तो पुनीत कार्य में लगाना चाहिए अपनो के लिए तो हर कोई करता है हमें मानवता के लिए भी जीना चाहिए आप क्या दे रहे हो कितना दे रहे हो यह मायने नहीं रखता आपके द्वारा परमार्थ का कार्य ही समाज में अच्छा संदेश व सौहार्द लाती है।बच्चों के साथ काफी सुकून और अच्छा लगता है आगे भी समय समय पर ऐसे कार्य होते रहेंगे। यह कार्यक्रम भाटापारा के परशुराम वार्ड डबरी पारा, व रावण भाटा का मैदान के समीप किया गया। जिसमें तेज प्रकाश जैन कपड़ा व्यापारी, डॉ वीणा साहू, रामकुमार साहू, बाबू तोरण साहू, तिलक साहू, आदि का सहयोग रहा।

# भखारा में बढ़ते अपराध व नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने युवा कांग्रेस ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 9 नवम्बर।** भखारा क्षेत्र में लगातार बढ़ते अपराध एवं प्रतिबंधित नशीले पदार्थों के विक्रय के मामले को लेकर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुखराज साहू के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को भखारा थाना मे ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है स्थिति सुधार नही होने की दशा में चक्काजाम कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है!

युकाइयों ने बताया कि प्रदेश में जब से भाजपा सरकार ने नेतृत्व संभाला है तब से प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ते जा रहा है आज किशोर वर्ग के युवा प्रतिबंधित नशीली दवाइयों का सेवन कर लगातार बड़े-बड़े अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे है युवा कांग्रेस ने उच्च अधिकारियों की संलिप्तता से प्रतिबंधित नशीली दवाएं गली मोहल्ले में बिकने व चाकूबाजी की घटनाओं की प्रमुख वजह बताया है और आगे कहा कि साय सरकार के गलत नीतियों एवं प्रशासन की निष्क्रियता के कारण आज लोग घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं. हर वर्ग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है ऐसे अपराधों पर रोक लगाने एवं अपराधीयों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भरत नाहर, पूर्व न.पं.अध्यक्ष विनोद साहू, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू साहू, प्रभारी महामंत्री होमेन्द्र साहू, पार्षद संतोषी निषाद, महामंत्री अविनाश गौर, सौरभ पाल, हुलेश साहू, मनीष, पंकज, दिनेश चौरे, लोकेश साहू, पुष्पेंद्र साहू, लेखराम यादव, योगेंद्र साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें!

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की गई कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 नवम्बर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 08.11.2024 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 22 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 22 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 04, यातायात कसडोल 04, यातायात भाटापारा 02, यातायात सिमगा 04, थाना गिधपुरी 05, लवन 02 एवं थाना गिधौरी द्वारा 01 चालक को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

### तलवार के साथ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 9 नवम्बर।** 8 नवम्बर को थाना क्षेत्र में निगरानी, गुण्डा बदमाश, अड्डेबाज चेकिंग व अभियान कार्यवाही के दौरान जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम के पहले आम रोड तुलसी नेवरा में एक बिना नंबर की मोटर सायकल में बैठा हुआ है तथा अपने पास एक धारदार तलवार भी रखा हुआ है कि सूचना की तस्दीक पर रेड कार्यवाही कर घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर आरोपी के कब्जे से एक बिना नंबर की मो0सा0 स्पेलेंड प्लस एवं धारदार तलवार को जप्त करते हुये गिरफ्तार कर द्वआरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल वर्मा तथा पेट्रोलिंग आरक्षक के द्वारा किया गया है। उपरोक्त अधिकारी कर्मचारी के द्वारा तत्परतापूर्वक कार्य करते हुये आरोपी को कोई बड़ी घटना के अंजाम देने के पूर्व ही पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है।

#### धूमधाम से मनाई गई राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु देव अर्जुन जयंती

# अखंड भारतीय संस्कृति के विस्तारक थे सहस्त्रबाहु देव: सिन्हा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 9 नवंबर।** राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु देव अर्जुन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेवानिवृत्ति व्याख्याता एवं लोक कथाकार के.आर. सिन्हा ने सपरिवार अपने इष्टदेव की पूजा अर्चना किया। सिन्हा ने इस पुनीत अवसर पर समस्त स्वजातीय समाज को शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि कार्तिक मास शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को महिष्मती साम्राज्य के अधिपति सहस्त्रबाहु देव अर्जुन का अवतरण हुआ। श्रीमद् भागवत कथा पुराण एवं वाल्मीकि रामायण के अनुसार वे श्रीहरि विष्णु के 24 वे अवतार थे। हैहयवंश के दसवीं पीढ़ी में महाराज हैहय एवं माता पद्मिनी के संतान के रूप में प्राकट्य हुआ। उन्होंने भगवान दत्तात्रेय नारायण की कई वर्षों तक कठिन तपस्या की, जिसके फलस्वरूप एक हजार हाथ का वरदान मिला। महाप्रतापी सहस्त्रबाहु देव, राजराजेश्वर, कार्तवीर्य, सहस्त्रार्जुन की उपाधि से विख्यात हुए। उन्होंने आगे कहा कि हमारे इष्ट देव सहस्त्रबाहु देव अर्जुन ने त्रिलोक विजयी दशानन रावण को हराकर बंदी बनाया था। वे सुदर्शन चक्रावतार, सप्तद्रविपाधी, दसग्रीव विजयी थे।धन, यश, कीर्ति, बल के देवता हैं। वे अखंड भारतीय संस्कृति के विस्तारक थे। उन्होंने सात महाद्वीपों एवं ब्रह्मांड पर विजय प्राप्त कर धर्म परायण राजा के रूप में 85 हजार वर्षों तक शासन कर हैहयवंश का धर्मध्वजा लहराया। के.आर.सिन्हा ने कहा कि राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु देव अर्जुन कलार, कलाल, कलवार समाज के इष्ट देव के रूप में पूजे जाते हैं।


छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग जगदलपुर द्वारा स्ववित्तिय आधार पर हॉटकचोरा जगदलपुर में सामान्य आवास योजनान्तर्गत में निर्मित भवनो में एल.आई.जी. फ्लैट 10/192 जो कि श्रीमती सुषीला जैन पति- श्री लुनकरण जैन को छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग जगदलपुर द्वारा आबंटित है।

मुल आबंटि श्रीमती सुषीला जैन पति श्री लुनकरण जैन के द्वारा उक्त भवन श्री सुनील कुमार जैन पिता- श्री भंवर लाल जैन को विक्रय किये जाने के सबंध में विक्रय अनुबंध सहित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर

